शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 63 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 30 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कांग्रेस के बाद कम्युनिस्ट पार्टी को आयकर विभाग का नोटिस

**नई दिल्ली:** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को आयकर विभाग से एक नोटिस मिला है। नोटिस के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों के दौरान आयकर रिटर्न दाखिल करते समय पुराने पैन कार्ड का उपयोग करने के लिए पार्टी को 11 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने को कहा गया है। सूत्रों के मुताबिक, आयकर विभाग को भुगतान किए जाने वाले बकाए में जुमार्ना और ब्याज शामिल है। कार्रवाई पार्टी की ओर से पुराने पैन कार्ड के उपयोग में विसंगतियों की वजह से की गई है। आयकर विभाग के नोटिस को चुनौती देने के लिए लेफ्ट पार्टी अपने वकीलों से बातचीत कर रही है। पार्टी ने कहा, "हम इस मामले में कानूनी सहायता मांग रहे हैं और अपने वकीलों के संपर्क में है।"इससे पहले कांग्रेस को आयकर विभाग की तरफ से नोटिस भेजा गया था, जिसमें 1,823 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने को कहा गया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता साकेत गोखेल ने बताया कि उन्हें पिछले 72 घंटों के भीतर आयकर विभाग से 11 नोटिस मिला। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा विपक्ष की पार्टियों को पंगु बनाने की कोशिश कर रही है।

## भाजपा से 4,600 करोड़ रुपये की पैनल्टी पर मौन आयकर विभाग: कांग्रेस

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों को मिले चंदे को लेकर भाजपा व कांग्रेस में घमासान मचा है। भाजपा कह रही है कि कांग्रेस ने डोनेशन लेने के नियमों का उल्लंघन किया है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि चुनाव के मौके पर उसके बैंक खाते फ्रीज किए जा रहे हैं। सरकार का यह कदम देश की स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास है। यह मामला अब केवल भारत तक ही सीमित नहीं रहा है, बल्कि अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र संघ 'यूएनओ' तक इसकी गूंज पहुंच रही है। अमेरिका और यूएन में उठे इस मामले के बाद शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ने एक बड़ा खुलासा कर दिया है। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा, हमने सात वर्ष में भाजपा को मिले चंदे का हिसाब-किताब जोड़ा है। उसमें कई जगहों पर उल्लंघन एवं अनियमितताएं हैं। हमने जो हिसाब लगाया है, उसमें करीब 4,600 करोड़ रुपये की भाजपा पर पैनल्टी बनती है। आयकर विभाग, भाजपा को कोई नोटिस नहीं दे रहा। इतनी भारी पैनल्टी एकत्रित होने पर भी उसके बैंक खाते फ्रीज नहीं किए जा रहे।

# कांग्रेस को आईटी का 1700 करोड़ का नोटिस

## राहुल बोले- सरकार बदलेगी तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई होगी, ये मेरी गारंटी

**नई दिल्ली:** कांग्रेस को मिले इनकम टैक्स विभाग के नोटिस पर राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि जब सरकार बदलेगी तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी। कार्रवाई ऐसी होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की। ये मेरी गारंटी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर हैशटैग हुए यह बात कही। दरअसल, इनकम टैक्स विभाग ने सुबह कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपए का नया डिमांड नोटिस जारी किया। यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज भी शामिल हैं। नए नोटिस को लोकसभा चुनाव से पहले नकदी संकट से जूझ रही कांग्रेस के लिए झटका माना जा रहा है। एक दिन पहले 28 मार्च को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने टैक्स असेसमेंट को लेकर दायर कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी थी।

2017-18 में भाजपा ने 42 करोड़ रुपए की जानकारी नहीं दी: नोटिस मिलने के बाद शुक्रवार दोपहर में कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अजय माकन ने दावा किया, ' कल हमें आयकर विभाग से 1823 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए नोटिस आए हैं। ये पांच सालों के टैक्स का नोटिस है। वह तीन और सालों का बना रहे हैं। इस नोटिस में सीताराम केसरी के समय की 35 करोड़ की डिमांड भी शामिल है।



**2017-18 में भाजपा ने 42 करोड़ रुपए की जानकारी नहीं दी: नोटिस मिलने के बाद शुक्रवार दोपहर में कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अजय माकन ने दावा किया, ' कल हमें आयकर विभाग से 1823 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए नोटिस आए हैं।**

## 4600 करोड़ रुपए की पेनल्टी बीजेपी के ऊपर लगनी चाहिए: माकन

बीजेपी की जितनी भी वॉयलेशंस हैं, उन्हें हम लोगों ने सारी की सारी वॉयलेशंस को उसी पैरामीटर से एनालाइज किया जिस तरह इन्होंने हमें किया। उसके ऊपर कितना इनकम टैक्स लगना चाहिए और कितना इंटरेस्ट (ब्याज) लगना चाहिए। पिछले 7 सालों का जो हम लोगों ने हिसाब लगाया है। उसके मुताबिक 4600 करोड़ रुपए की पेनल्टी बीडेपी के ऊपर लगनी चाहिए।



**कांग्रेस से 1823 करोड़ रुपए की डिमांड की गई**

माकन ने कहा कि जब कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी जी थे। यानी 1993-94 के नोटिस हमें भेजे जा रहे हैं। हमें 53.9 करोड़ का डिमांड भेजा गया है। इस तरह से पिछले 5 साल और 3 साल का डिमांड और बनाया जा रहा है। कुल मिलाकर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कांग्रेस से 1823 करोड़ रुपए की डिमांड की है। ये कहां का लेबल प्लेइंग फील्ड है। अगर नियम सबके लिए बराबर हैं तो भाजपा से 4600 करोड़ रुपए की डिमांड जारी करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिस मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुमार्ने के नोटिस दिए गए हैं, उन्हीं के आधार पर भाजपा से 4600 करोड़ रुपए की वसूली करनी चाहिए। 2017-18 में हमारे 14 लाख रुपए के वॉयलेशन के ऊपर भाजपा के इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 135 करोड़ रुपए कांग्रेस के बैंक खाते से छीनकर ले गए। 2017-18 में ही भाजपा को 1 हजार 297 लोगों ने करीब 42 करोड़ रुपए का चंदा दिया। भाजपा ने इन लोगों का सिर्फ नाम लिखा और छोड़ दिया। इसके अंदर नाम और पता दोनों जानकारी देनी होती है। इनकम टैक्स ने इस वॉयलेशन पर अपने आंख पर पट्टी लगा ली। लेकिन हमारे 23 सांसदों और विधायकों ने जो 14 लाख रुपए कैश दिए उसके बेस पर हमारे 135 करोड़ रुपए छीनकर ले गए। जबकि हमने इसमें नाम पता सबकुछ बताया।

**पिछले दो साल में 253 डोनर्स के भाजपा ने नाम नहीं बताए**

अजय ने कहा, '1 हजार 297 लोगों में से 92 लोगों के तो नाम भी नहीं हैं। ये 2017-18 का आंकड़ा है। इसके बाद हमने पिछले दो साल का एनालिसिस किया। पिछले दो सालों में 253 डोनर्स के नाम नहीं हैं। ढाई करोड़ रुपए की राशि ऐसे लोगों से ली गई है, जिनका नाम ही नहीं है। पिछले दो साल में 126 लोगों से 1.05 करोड़ रुपए लिया गया है जिनका नाम नहीं है। इलेक्शन कमिशन और इनकम टैक्स विभाग भाजपा की इन कमियों पर आंख मूंदकर बैठी हुई है और सिर्फ कांग्रेस नजर आती है।

**खातों में कई लेन-देन बेहिसाब थे: दिल्ली हाईकोर्ट**

कांग्रेस ने चार साल (2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21) के लिए इनकम टैक्स रीअसेसमेंट प्रोसिडिंग शुरू करने के खिलाफ याचिका दायर की थी। दिल्ली लउ की जस्टिस यशवंत वर्मा और जस्टिस पुरुषेंद्र कौरव की बेंच ने 28 मार्च को याचिका खारिज करते हुए कहा था कि कांग्रेस के खातों में कई बेहिसाब लेनदेन थे। इनकम टैक्स अधिकारियों के पास टैक्स असेसमेंट पर एक्शन लेने के लिए ठोस सबूत थे, इसलिए एक्शन लिया गया है। कांग्रेस ने दिल्ली हाईकोर्ट में यह याचिका चार साल (2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21) के लिए इनकम टैक्स रीअसेसमेंट प्रोसीडिंग शुरू करने के खिलाफ दायर की थी। इससे पहले भी कांग्रेस ने 2014-15 से 2016-17 से असेसमेंट प्रोसीडिंग को चुनौती दी थी। उसे भी कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

**3 याचिकाएं पहले भी खारिज हो चुकीं**

25 मार्च को भी कोर्ट ने कांग्रेस की तीन याचिकाएं यह कहते हुए खारिज कर दी थीं कि कांग्रेस ने मूल्यांकन पूरा होने का समय खत्म होने से कुछ दिन पहले और प्रोसिडिंग के लास्ट स्टेज में कोर्ट में अपील करने का विकल्प चुना है। 8 मार्च को कोर्ट ने इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के आदेश को बरकरार रखा था। ट्रिब्यूनल ने 2018-19 के लिए 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के बकाया टैक्स की वसूली के लिए कांग्रेस को जारी डिमांड नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

## देश नवीकरणीय ऊर्जा में तेजी से विकास कर रहा: मोदी

**नई दिल्ली:** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर स्वास्थ्य, क्लाइमेट और रीसाइक्लिंग समेत कई मुद्दों पर बेहद खास चर्चा की। पीएम मोदी और बिल गेट्स की इस चर्चा का एक वीडियो आज रिलीज किया गया है। इस वीडियो में पीएम मोदी ने भारत में टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और रीसाइक्लिंग को लेकर दिल खोलकर बात की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिल गेट्स को अपने भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी बताया।

पीएम मोदी ने बिल गेट्स को सुनाया रोचक किस्सा:



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत पवन और सौर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। भारत परमाणु ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन में तेजी से आगे बढ़ना चाहता है। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने कचरे के पुनर्चक्रण की भारत की संस्कृति के बारे में बात की। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने जो जैकेट पहनी है, वह रिसाइकिल सामग्री से बनी है।

## 'पूर्व पीएम मनमोहन सिंह से माफी मांगे भाजपा',

### एयर इंडिया केस में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट पर संजय राउत की मांग

**मुंबई।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (उइक) ने यूपीए सरकार (मनमोहन सिंह सरकार) के दौरान एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस के विलय से बनी कंपनी एनएसीआईएल द्वारा विमानों को लीज पर देने में कथित अनियमितताओं की जांच को लेकर क्लोजर रिपोर्ट दायर कर दी है। सीबीआई को इस मामले में 'किसी गलत काम का कोई सबूत' नहीं मिला है। सीबीआई द्वारा क्लोजर रिपोर्ट दायर करने के बाद शिवसेना नेता संजय राउत ने भाजपा से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से माफी मांगने को कहा है। मीडिया से बात करते हुए सांसद संजय राउत ने कहा कि भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान नागरिक उड्डयन क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार पर जमकर हंगामा किया था।



भाजपा को डॉ. सिंह से माफी मांगनी चाहिए- राउत

उन्होंने कहा, "भाजपा को डॉ. मनमोहन सिंह से माफी मांगनी चाहिए।" विमानों को पट्टे पर दिए जाने के समय कांग्रेस नीत यूपीए सरकार में एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री थे।

## वायुसेना की क्षमता होगी दोगुनी, नए तेजस लड़ाकू विमान को देख कांप उठेंगे दुश्मन



**बेंगलुरुः** भारत ने रक्षा विमानन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है। बीते दिन 4.5 पीढ़ी के संपूर्ण स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस के एमके1ए वैरिएंट के पहले विमान एलए 5033 ने सफल उड़ान भरी।

तेजस एमके1ए ने भरी सफल उड़ान, हवा में 18 मिनट बिताएः बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के हवाईअड्डे से इसका परीक्षण किया गया। यह विमान लगातार 18 मिनट तक हवा में रहा। रक्षा क्षेत्र की सरकारी कंपनी एचएएल ने बताया कि तेजस एमके1ए विमान ने हवा में 18 मिनट बिताने के बाद सुरक्षित लैंडिंग की। इस उड़ान का संचालन चीफ टेस्ट पायलट ग्रुप कैप्टन के-के वेणुगोपाल (सेवानिवृत्त) ने किया।

विमान में ये होंगी सुविधाएंः तेजस एमके1ए को जल्द ही वायुसेना में शामिल किया जाएगा, जिससे वायुसेना की क्षमता दोगुनी हो जाएगी। एचएएल की मानें तो तेजस एमके1ए में उन्नत इलेक्ट्रानिक रडार, युद्ध और संचार प्रणाली, बेहतर युद्ध क्षमता और बेहतर सुविधाएं होंगी।

हर मौसम में काम कर सकता है तेजस एमके1एः तेजस एमके1ए भारतीय वायुसेना के लिए स्वदेशी 4.5 पीढ़ी का हर मौसम में काम करने वाला बहुउद्देशीय लड़ाकू लड़ाकू विमान है।

## न्यायपालिका पर हमें दुनिया लेक्चर न दे: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली:**दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मनी और अमेरिका की ओर से टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस बात की आलोचना की है कि दुनिया के लोग भारत को उसकी न्यायिक व्यवस्था पर लेक्चर देने की कोशिश कर रहे हैं। बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले का जिक्र किए बिना कहा कि भारत की न्यायिक व्यवस्था बेहद मजबूत, निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं हमेशा तैयार है। उपराष्ट्रपति ने कहा, "दुनिया में ऐसे लोग हैं जो हमें हमारे न्यायिक आचरण पर लेक्चर देना चाहते हैं।" उन्होंने कहा, "नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पर एक नरैटिव बनाया जा रहा है। जमीनी हकीकतों से अनभिज्ञ एक संप्रभु मंच से कोई हमें यह पाठ सिखाने की कोशिश कर रहा है कि यह भेदभावपूर्ण है.. आइए हम उनकी अज्ञानता का खंडन करें।"




## सी-विजिल एप से मिलीं 79 हजार शिकायतें

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप को आचार संहिता का उल्लंघन को चिन्हित करने के लिए एक प्रभावशाली उपकरण बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इस एप के माध्यम से 79,000 से अधिक शिकायतें मिलीं है। आयोग ने आगे बताया कि 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया है ।उनमें से 89 प्रतिशत का समाधान 100 मिनट में किया गया है।

आयोग ने बताया कि 58,500 शिकायतें अवैध बैनर होर्डिंग्स को लेकर दर्ज की गई थी, जबकि 1,400 शिकायतें पैसे, उपहार बांटने और शराब वितरित करने के संबंध में थे। वहीं तीन प्रतिशत शिकायतें संपत्ति को नष्ट करने को लेकर थी। डराने-धमकाने की 535 शिकायतों में से 529 का समाधान हो चुका है। एक हजार शिकायतें निषिद्ध अवधि के बाद प्रचार करने से संबंधित थी। बता दें कि 16 मार्च को सात चरण के चुनाव की घोषणा की गई थी और मतदान 19 अप्रैल से शुरू होगा, जो कि एक जून तक चलेगा।

## 'राबड़ी की राह पर चल रहीं सुनीता केजरीवाल: पुरी

**नई दिल्ली:** दिल्ली शराब घोटाले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से सीएम पद को लेकर सियासत तेज है। इस बीच, केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल खासी सक्रिय हो गई हैं। शुक्रवार को सुनीता ने 'केजरीवाल को आशीर्वाद' अभियान शुरू किया। उन्होंने एक व्हाट्सएप नंबर जारी कर आमजन से अरविंद केजरीवाल का समर्थन करने की अपील की है। उनकी सक्रियता को देखते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने सुनीता केजरीवाल पर तंज कसा है। हरदीप पुरी ने कहा कि सुनीता केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

हरदीप पुरी ने लगाए गंभीर आरोपः केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि सुनीता केजरीवाल ने अब अपने पति का पद संभालने की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने अपने साथियों को पीछे छोड़ दिया है। पुरी ने बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी से केजरीवाल की तुलना करते हुए कहा कि आप बिहार में ये पहले भी देख चुके हैं। वहां राबड़ी देवी ने लालू यादव के जेल जाने के बाद सीएम की कुर्सी संभाली थी। राजधानी दिल्ली में भाजपा के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा, 'आप जिस मैडम का नाम ले रहे हैं, वह शायद बिहार में राबड़ी देवी की तरह पद संभालने की तैयारी कर रही हैं।'



इस दौरान हरदीप पुरी ने दिल्ली में आप-कांग्रेस गठबंधन को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वे भ्रष्टाचार से लड़ने का वादा करके राजनीति में आए थे। अब उन्होंने सबसे भ्रष्ट पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है। वे भाजपा को चुनौती नहीं दे सकते। कांग्रेस ने तो अभी यहां उम्मीदवार के नाम जारी नहीं किए हैं।

**दिल्ली में बढ़े प्रदूषण को लेकर आप पर लगाए आरोप**

आगे हरदीप पुरी ने प्रदूषण को लेकर आप सरकार को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आप के शासन में लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर हैं और पार्टी आरोप-प्रत्यारोप में लगी हुई है। पुरी ने आगे कहा कि दिल्ली में प्रदूषण को लेकर पहले ये लोग पंजाब की सरकार को दोषी ठहराते थे। अब तो वहां भी इन्हीं की पार्टी की सरकार है।

केजरीवाल को कोर्ट से नहीं मिली थी राहतः अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार राउज एवेन्यू कोर्ट से राहत नहीं मिली। अदालत ने ईडी रिमांड चार दिन के लिए बढ़ा दी।

# बम के दो धमाकों से ग्रामीणों में दहशत, तीन लोग घायल

## धमाके से दीवाल में हुआ होल दरवाजा भी टूटा, पुलिस ने घायलों को भेजा अस्पताल

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** सरायइनायत थाना के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र के महरौड़ा गांव में बीती रात बम के दो जोरदार धमाकों से ग्रामीण दहशत में आ गए। पुरानी खुन्नस को लेकर की गई हमलावर द्वारा बमबाजी में घर के बरामदे में सो रही महिला और उसके दो बेटे घायल हो गए। जानकारी होने पर पहुंची सहसों पुलिस ने तीनों घायलों को 108 एम्बूलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दो युवकों के विरूद्ध सम्बन्धित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर हमलावरों की खोज बीन में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरायइनायत थाना के चौकी सहसों क्षेत्र के महरौड़ा गांव निवासी राम बहादुर पुत्र स्व0 गुलाबचन्द्र भारतीया के घर पर गुरूवार को सायंकाल उसके रिश्तेदार का लड़का राजेन्द्र पुत्र राम सजीवन निवासी प्रतापपुर थाना थरवई आया हुआ था। भोजन के पश्चात रात में राम बहादुर अपने कमरे में सोने चला गया जबकि उसकी मां अमरावती देवी 65 वर्ष अपने दो बेटे अमर बहादुर व शिव बहादुर व भाई के लड़के राजेन्द्र के साथ बरामदे में सो रहे थे।





रात्रि में एक बजे के करीब दो अलग-अलग बाइकों से पहुंचे दो युवक उसके घर के सामने पहुंच कर बाइक खड़ी कर बरामदे में जा पहुंचे और बम से ताबड़तोड़ दो धमाकों के साथ हमला कर दिया। बम के फटते ही चारों तरफ धुआं छा गया और कमरे में लगा दरवाजा टूट कर अलग हो गया। बम का धमाका इतना तेज था कि दिवाल के प्लास्टर व ईट भरभराकर टूटने से होल गये। बम फटने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर चौकी प्रभारी सहसों शिव प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बम के हमले से घायल अमरावती देवी, अमर बहादुर व शिव बहादुर को घायलावस्था में इलाज के लिए 108 एम्बूलेंस से एसआरएन अस्पताल प्रयागराज में भर्ती कराया। पुलिस ने राम बहादुर की लिखित तहरीर पर शिव कुमार पुत्र कल्लू व अखिलेश कुमार पुत्र पुरूशोत्तम नाथ निवासी प्रतापपुर थाना थरवई के खिलाफ नामजद हमला का मुकदमा दर्ज कराया। राम बहादुर के अनुसार पुरानी खुन्नस शिव कुमार व अखिलेश कुमार से है। जिसकी वजह से जानलेवा हमला किया गया। फिलहाल संबंधित पुलिस ने मामले के संबंध में नामजद केस दर्ज करते हुए दोनों हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर खोजबीन कर रही है।

# मुंबई इंटरप्राइजेज आफिस में डिलवरी मैन करछना का युवक लापता

अखंड भारत संदेश

### अनहोनी की आशंका से परिवार परेशान, नहीं दर्ज की जा रही रिपोर्ट

**करछना।** थाना क्षेत्र के सेमरी तालुका पुरवा गांव का एक लड़का 6 फरवरी से लापता है। उसके परिवार के लोग उसकी तलाश में भटक रहे हैं। बड़े भाई ने थाने से लेकर पुलिस कमिश्नर तक शिकायती पत्र दिया, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। आज तक भुक्तभोगी परिवार की गुमशुदगी तक दर्ज नहीं की गई है। जिससे पूरा परिवार अनहोनी की आशंका से डरा हुआ है। करछना थाना क्षेत्र के सिमरी तालुका पुरवा गांव निवासी अनुराग पांडे पुत्र सुधीर पांडे की ओर से दिए गए एप्लीकेशन के अनुसार उनका छोटा भाई अंबुज पांडे (22) मुंबई में वासी, नई मुंबई स्थित एक इंटरप्राइजेज ऑफिस में डिलीवरी का काम करता था। 6 फरवरी को अनुराग ने अपने भाई अंबुज को फोन किया तो फोन बंद मिला। उसके बाद से ही अंबुज लापता है। अनुराग के अनुसार उनके पिता के पास कंपनी के मालिक केशव आनंद निवासी जय दुर्गा साड़ी सेंटर, स्टेशन रोड, पुरानी बस्ती जिला बस्ती, उत्तर प्रदेश से फोन आया। जिसमें आरोप लगाया गया कि उनका बेटा 7 लाख रुपए लेकर गायब हो गया है। जब अंबुज के पिता ने बेटे के बारे में पूछताछ की तो केशव आनंद गाली गलौज और अभद्रता करने लगे। अनुराग पांडे का आरोप है कि उनके भाई को साजिश के तहत फसाया जा रहा है। उनका भाई लापता है। उन्हें भरोसा है कि मलिक ने ही उनके भाई को बंधक बना रखा है और उसकी जान माल का खतरा बना हुआ है। अनुराग पांडे के अनुसार उनके और उनके पिता के फोन पर लगातार धमकियां मिल रही हैं। जिससे पूरा परिवार डरा सहमा हुआ है।

# डॉ संगम मिश्र यमुनापार के कई गांवों में व्यक्त किया शोक संवेदना

**प्रयागराज।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी डा संगम मिश्र बारा विधानसभा के झझरा चौबे गांव में बड़कू चौबे के भाई की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु पर संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पर गए।इस दौरान उन्होंने घनश्याम चौबे आदि लोगों से भेंट मुलाकात हुई।शोक संतृप्त परिवार को ईश्वर से दुःख करने की सहनशक्ति प्रदान करें ऐसी प्रार्थना की। डा मिश्र अतरी समदरिया गांव में रामायण द्विवेदी के यहां होली मिलन समारोह में हिस्सा लिया।बड़ी संख्या में लोग वहां उपस्थित रहे।प्रचार प्रसार के लिए भारतीय जनता पार्टी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक सभा को संबोधित कर पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया।जिसमें नारीबारी मंडल के अध्यक्ष अंजनी लाल अपने कार्यकताओं के साथ उपस्थित रहे। तत्पश्चात पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश पांडे की माता जी की देहावसान पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए उनसे भेंट की एवं माता जी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। महुआरिया के प्रफुल्ल



तिवारी की दादी के देहावसान में उनके यहां पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया।इसी क्रम में डॉ संगम मिश्र भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गड़ैया लोनी पार के अनुजेश्वर ठाकुर की पत्नी के देहावसान पर उनके घर जाकर के शोक संवेदना व्यक्त की। कांटी गडैया गांव में रामायण के समापन समारोह में उपस्थित होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बहुत से सम्माननीय व्यक्ति उपस्थित रहे।जिसमें मुख्य रूप से दिवाकर ठाकुर, राजनाथ द्विवेदी, एस.के. तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल अकादमी प्रयागराज,राम अधार तिवारीर विजय सिंह पटेल,बड़कू चौबे, रामायण प्रसाद द्विवेदी, रामनाथ द्विवेदी,पंकज तिवारी,गौरव तिवारी, अमित मौर्य विस्तारक करछना,अनुराग पांडे विस्तारक कोरांव, शशिकांत शुक्ला, यश विक्रम त्रिपाठी,डॉ उग्रसेन तिवारी, लल्लन झा, अंकुर सिंह आदि बहुत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं सम्माननीय लोग लोग उपस्थित रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**झूंसी।** शास्त्री पुल पर शुक्रवार की रात तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए ले जाया गया बताया जाता है कि त्रिवेणीपुरम निवासी आशीष गुप्ता 26 पुत्र दिलीप गुप्ता बाइक से शहर से अपने घर जा रहा था शास्त्री पुल पार करने वाला था तभी पीछे की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे आशीष छिटक कर सड़क पर जा गिरा और घायल हो गया। लोगों की माने तो नो एंट्री खुलने के बाद ट्रकों की रफ्तार इतनी तेज रहती है जिससे आए दिन कोई न कोई बाइक सवार व पैदल राहगीर हादसे का शिकार हो रहा है।

# मतदाता जागरूकता अभियान में ग्रामीणों ने लिया संकल्प

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** भइयां में जनसुनवाई फाउंडेशन द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में ग्रामीणों द्वारा मतदान केंद्र तक पहुंच कर मतदान करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मतदाता जागरूकता अभियान के विकास खंड-मेजा प्रभारी राजकुमार मिश्र ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि जब ग्राम पंचायत का चुनाव होता है तो मतदान का प्रतिशत अधिक होता है किन्तु लोकसभा चुनाव में कम हो जाता है। अब जबकि विकसित भारत का लक्ष्य रखा गया है इसमें आवश्यक है कि प्रत्येक वोटर जागरूक होकर सत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। साथ ही मजबूत लोकतंत्र में बोटर की अहमियतएवं उपयोगिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कभी- कभी जागरुकता के अभाव में लालच वस पैसा एवं दारु जैसे साधनों का इस्तेमाल लोकतंत्र के पावन पर्व को अपवित्र करने का प्रयास करते




हैं।ऐसी स्थिति में लोकतंत्र के सजग प्रहरी के रूप में वोटरों को चाहिए कि दूषित वातावरण बनाने वाले अराजक तत्वों का सख्ती से विरोध करें। और चैतन्य होकर पवित्र मतदान अपने मनपसंद उम्मीदवार के पक्ष में करें। मतदाता जागरूकता अभियान के प्रयागराज मण्डल प्रभारी एवं सामुदायिक प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स)लैम्प्स लिमिटेड तेंदुआ कलां के अध्यक्ष राहुल तिवारी ने बताया कि लोकसभा 2024 के चुनाव में युवा मतदाताओं की संख्या नंबर एक पर है जिसमें पहली बार मतदान करने वाले वोटरों को भी जागरूक किया जा रहा है जिससे अनवैलेट वोट न होने पाएं। इसके लिए विद्यार्थियों के बीच जाकर भी जागरूक किया जाएगा। मतदाता जागरूकता अभियान में अभयराज मिश्र,रामललन, सन्तोष कुमार, गोविंद प्रसाद मिश्र भा.ज.पा.मण्डल अध्यक्ष कोहड़ार, दिनेश कुमार, राजेश्वरी प्रसाद, कमलेश प्रसाद मिश्र (प्रदेश प्रभारी जनसुनवाई फाउंडेशन) विनोद कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जुमा पर अकीदत मंदो ने मस्जिदों व ईदगाहों में पढ़ा नमाज, प्रशासन की पैनी नजर रही

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** माहे रमजान के जुमा की नमाज सड़कों के बजाय मस्जिदों व ईदगाहों के अंदर ही पढ़ा गया नमाज। वहीं पुलिस प्रशासन पैनी नजर रखते जगह -जगह मस्जिदों व तिराहों पर तैनात फोर्स रही। शुक्रवार को माहे रमजान के जुमा पर मांडा थानाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह व सीओ मेजा रवि शंकर गुप्ता के साथ में पैरमिलिट्री फोर्स मौजूद रहे। जगह-जगह अकीदत मंदो को सुझाव देते हुए शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा करने की बात कही उच्चाधिकारियों के निदेर्शानुसार मांडा खास,





भारतगंज ,कूदर , गिरधरपुर ,नकटी, हाटा, दिघीया आदि गांव के रोजेदारों ने मस्जिदों व ईदगाहों में समय से पहुंचकर नमाज अदा की' वही भारतगंज कस्बे के अब्दुल हक अंसारी व रियासत , आमिर भाई ने प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि पीस कमेटी की बैठक में नमाज के समय बिजली पानी आदि की पर्याप्त व्यवस्था करने की बात कही गई थी जो नमाज के समय भरपूर मात्रा में मिला और भारतगंज कस्बे से होकर आने जाने वाले वाहन भी प्रतिबंधित रहा जिससे रोजेदारों ने समय से नमाज अदा की।

## चलती आटो से सीएनजी लीक होने से हड़कंप

**मेजा।** मेजारोड बाजार में उस वक्त हड़कंप मच गया जब अचानक चलती ऑटो से सीएनजी लीक होने लगा ऑटो से सीएनजी लीक होने की घटना को लेकर लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बता दे कि शुक्रवार सुबह तकरीबन 10 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 76 पर एक आटो दूसरी ऑटो को टोचन करके ले जा रही थी जैसे ही ऑटो मेजारोड बाजार के पटेल नगर चौराहे पर पहुंची ही थी कि अचानक खराब पड़ी ऑटो का सीएनजी लीक होने लगा। सीएनजी लीक होने पर ऑटो चालक ऑटो छोड़कर भाग खड़ा हुआ इस दौरान बाजार में अफरा-तफरी मच गई। लोगों के दुकानों के शटर गिरने लगे आवागमन रूक गया जिससे बाजार में लंबा जाम लग गया। मामले की जानकारी पर तत्काल चौकी प्रभारी मेजारोड अरविंद सोनकर व हेड कांस्टेबल जमील खान मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दिया गया अनहोनी को लेकर दोनों तरफ लोगों के आवागमन को रोक दिया गया जिससे बाजार में गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। गनीमत रही की अचानक सीएनजी गैस समाप्त होने के बाद मामला शांत हो गया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली और दुकानों के शटर उठने लगे।

## न्यूज झरोखा

### पुरानी रंजिश को लेकर मार पीटा, शांतिभंग में चालान

**मांडा।** पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज मार पीट होने की सूचना पर पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति भंग में चालान कर दिया। वहीं शराब पीकर राहगीरों से वाद विवाद करने वाले अभियुक्त को मांडा थाने लाकर शांतिभंग में चालान कर दिया है। जिससे शराबियो में दहसत फैली हुई है। मांडा थाना क्षेत्र के मांडा खास निवासिनी मनोज कुमार केशरी व रोशन कुमार केशरी के बीच शुक्रवार को पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज मार पीट होने की सूचना पर मांडा पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने लाकर शांति भंग में चालान कर दिया। उधर दशवार गांव निवासी अरुण कुमार मिश्र ने शराब के नशे में होकर राहगीरों से वाद विवाद करने की सूचना पर पुलिस ने शान्ति भंग की कार्यवाही कर शराबियो में दहसत फैला दी है। वहीं शराबी नशे में धुत होकर चुटहिल हो गया था जिसका प्राथमिक इलाज करवा कर शान्ति भंग में चालान कर दिया।




### समाजसेवी द्वारा कराया गया रोजा इफ्तार

**बहरिया।** विकासखंड बहरिया के सरायगनी गांव में समाजसेवी मोहम्मद आसिफ (जी पी बुक डिपो) द्वारा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के रोजादारो ने एकत्र होकर रोजा इफ्तार करते हुए नमाज मगरिब अदा करने के बाद मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। इस रोजा इफ्तार में सुऐब, सुल्तान, बाचू प्रधान सरायगनी, मोहम्मद अशरफ, गौशुल, चांद मलिक,आरिज हुसैन आदि लोगों ने शिरकत की।




### पुलिस उपायुक्त यमुनानगर ने मेजा सर्किल के थानों का लिया जायजा दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**मेजा।** शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के मद्देनजर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेन्द्र पांडेय ने मेजा सर्किल के थानों मेजा मांडा और कोरांव में अर्ध सैनिक बलों एवं पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा ब्यावस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने डयूटी पर तैनात सभी पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए क्षेत्र में मुस्तैद रहने की बात कही। इस मौके पर एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता के अलावा एसओ मांडा शैलेन्द्र सिंह भारत गंज चौकी प्रभारी विनय कुमार सिंह सिरसा चौकी प्रभारी गौरव कुमार यादव मेजरोड चौकी प्रभारी अरविंद कुमार सोनकर अर्ध सैनिक बल के जवान तथा भारी मात्रा में पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# श्याम युवा वॉलिंटियर्स ने कन्हैया मित्तल जी का भाव विभोर स्वागत एवम अभिनंदन किया




**प्रयागराज।** श्याम जगत के भजन सम्राट श्री कन्हैया मित्तल जी आज प्रयागराज में थे इस अवसर पर श्री श्याम युवा वॉलिंटियर्स प्रयागराज के तत्वाधान में श्री कन्हैया मित्तल जी को सर्वप्रथम संगम स्नान उसके पश्चात लेते हुए हनुमान जी का दिव्य दर्शन कराया गया एवम महा आरती भी की, हनुमान जी के दर्शनों के पश्चात श्री कन्हैया मित्तल जी श्री खाटू श्याम जी मंदिर प्रयागराज में श्याम बाबा के दर्शन को गए इस अवसर पर मनीष रूंगटा, आशीष अग्रवाल, अंकित अग्रवाल फैलू, अंकुर अग्रवाल, मनोज गोयल, सुरेंद्र बंसल, विनोद अग्रवाल आदि उपस्थित थे। कन्हैया मित्तल जी श्याम जगत के भजनों को श्याम बाबा को रिझाने के लिए सालों से प्रस्तुति दे रहे हैं श्री श्याम युवा वॉलिंटियर्स ने कन्हैया मित्तल जी का भाव विभोर स्वागत एवम अभिनंदन किया।

# जंघई जंक्शन पर हो रहे सौंदर्यीकरण का डीआरएम लखनऊ मंडल द्वारा निरीक्षण

**जंघई।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा द्वारा शुक्रवार को जंघई जंक्शन पर हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा नान इंटरलाकिंग कार्य को अतिशीघ्र पूरा करने हेतु निर्देश दिया गया। वाराणसी प्रतापगढ़ रेलवे रुट पर स्थित जंघई जंक्शन बडा रेलवे स्टेशन है, रेलवे द्वारा स्टेशन के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भी चयनित है जिसमें 4 और 5 नया प्लेटफॉर्म बन रहा है तथा 1, 2, 3 नंबर प्लेटफार्म का विस्तार हो रहा है जिसमें नान इंटरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे उत्तर रेलवे के डीआरएम सचींद्र मोहन शर्मा विशेष सैलून से जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचे और सीधे अपने सहयोगियों के साथ ओवरब्रिज पर पहुंच कर प्लेटफार्म नंबर तीन, चार, पांच पर हो रहे नान इंटरलाकिंग कार्य को देखा तथा शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इसके बाद स्टेशन परिसर में बन रहे भवन, आरक्षण काउंटर, जल निकासी की नाली और सकुर्लेटिंग एरिया साइकिल स्टैंड का भी निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों को कार्य में तेजी का



निर्देश दिया। उपस्थित लोगों ने पेयजल व शौचालय की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया, कार पार्किंग पर रखे गये मड़हे को देखकर कंस्ट्रक्शन ठेकेदार पर नाराजगी जताई तथा मड़हे को जल्द हटाकर टीन शेड लगाने का निर्देश दिया। आरपीएफ के जवानों ने बैरक की समस्या को उठाया बिजली पानी शौचालय न होने समस्या को उठाया जिसे शीघ्र दूर कराने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीनियर डीसीएम डॉ रेखा शर्मा, स्टेशन अधीक्षक कोमल सिंह, सीएमई सुधांशू ओमनी, पीडब्लूआई एए खान, एपीडब्लूआई ज्ञानेंद्र मिश्रा, विद्युत इंचार्ज दिनेश पांडेय, आरपीएफ इंस्पेक्टर अशोक कुमार, एसआई दीपक कुमार, जीआरपी प्रभारी अली अतहर मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आज आंधी व बारिश का अलर्ट जारी

**प्रयागराज।** मौसम अपना रुख बदलने वाला है, और आंधी बारिश बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी एलर्ट के अनुसार 30 मार्च को तेज बारिश के साथ बारिश की संभावन जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार यूपी के प्रयागराज, कौशांबी, मिजार्पुर, प्रतापगढ़, फतेहपुर, वाराणसी समेत कई जिलों में बारिश हो सकती है। बरसात के साथ साथ आंधी की भी आशंका जताई गई है। मौसम जानकारों के अनुसार 29 मार्च को भी बारिश की संभावना थी, लेकिन बरसात नहीं हुई। **किसानों को होगा सबसे ज्यादा नुकसान :** मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के अनुसार यदि बारिश ३० मार्च को बारिश और आंधी आई तो सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को होगा। वर्तमान समय में गेहूं की फसल पूरी तरह से तैयारी हालत में है, और यदि इस समय आंधी के साथ वर्षा हुई तोफसलें गिर जाएंगी और इसका सीधा असर उपज पर होगा। जबकि इस सीजन में मौसम के चलते पहले ही किसान काफी नुकसान उठा चुके हैं।

# नैनी में कर वसूलने पहुंची महिला अधिकारी व्यापारी ने छत से कूदने की दी धमकी

**पार्षद राकेश जायसवाल का आरोप है कि नगर निगम जोन पांच बना दलालों का अड्डा**

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के शंकर ढाल पर नगर निगम जोन पांच की एक महिला अधिकारी शुक्रवार को नैनी में बकाया हाऊस टैक्स वसूलने पहुंची। जिसे देखने के बाद व्यापारी ने छत से कूदने की धमकी दे दी। मामला गरमाया तो व्यापारियों ने महिला अधिकारी पर अभद्रता का आरोप लगा दिया।जिसके बाद काफी देर तक हंगामा चला। उस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल ने अन्य व्यापारियों के साथ कड़ा विरोध जताया है।

बताया जाता है कि शंकर ढाल निवासी व्यापारी दीपक केसरवानी के घर शुक्रवार को नगर निगम जोन की महिला अधिकारी साधना दीक्षित अपनी टीम के साथ पहुंचीं थी। उनके साथ अन्य अधिकारी और गनर भी मौजूद थे। उन्होंने व्यापारी से बकाया हाउस टैक्स जमा करने को कहा। तो व्यापारी ने साफ शब्दों में कहा कि अभी हमारे पास रुपए नहीं है। आरोप है कि इस पर उनके साथ अभद्रता की गई और सरकारी गाड़ी में बैठा लिया। उनको लेकर आधे घंटे तक घूमते रहे। इसके बाद व्यापारी ने इसकी सूचना पार्षद राकेश जायसवाल को दी तो वह मेवालाल बगिया पहुंचे और महिला अधिकारी से विरोध जताया। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स बकाया है। कोई हत्या का मुलजिम नही कि उसे पकड़कर ले जा रहे हैं। अभी यदि उसके पास रुपए नही हैं तो वह बाद मे इंतजाम करके जमा करेगा। इसके बाद व्यापारी को छोड़ दिया गया। वहीं जोन की अधिकारी साधना दीक्षित ने बताया की कर वसूली के लिए गयी टीम से अभद्रता की गयी है। पैसे न होने की बात पर व्यापारी छत से कूदने की धमकी दे रहा था।



### क्षत्रिय कल्याण समिति यमुनापार का होली मिलन समारोह 31 मार्च को

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली महापर्व के पावन अवसर पर क्षत्रिय कल्याण समिति यमुनापार के तत्वावधान में होली मिलन समारोह दिनांक 31 मार्च दिन रविवार को पुर्वान्ह 11 बजे से अवंतिका कालोनी नैनी के चन्द्रलोक गेस्ट हाउस में आयोजित हैं। उक्त जानकारी देते हुए समिति के मीडिया प्रभारी वरुण प्रताप सिंह ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि डॉ नरेन्द्र सिंह गौर तथा अध्यक्षता समिति के संरक्षक पूर्व आईजी सी पी सिंह करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वी के सिंह सहित अनेक गणमान्य लोगों की सहभागिता रहेंगी। मीडिया प्रभारी के अनुसार इस अवसर पर हास्य व्यंग के चर्चित कवि अशोक बेशरम के संचालन में कवि सम्मेलन का भी आयोजन हैं।

# विधायक राजू पाल हत्याकांड में सभी छह आरोपियों को उम्रकैद की सजा, सीबीआई कोर्ट का फैसला

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बसपा विधायक राजू पाल हत्या के सात आरोपियों को लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। छह आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है, जबकि एक आरोपी फरहान को आर्म्स एक्ट में चार साल की सजा सुनाई गई है। बसपा विधायक राजू पाल हत्या के सात आरोपियों को सीबीआई लखनऊ की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों में माफिया अतीक अहमद के तीन शॉर्प शूटर फरहान, आबिद और अब्दुल कवि भी शामिल हैं। इसके अलावा जावेद, इसरार, रंजीत पाल और गुल हसन को भी कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। हत्याकांड के दो आरोपी माफिया अतीक अहमद और अशरफ की मौत हो चुकी है। छह आरोपियों को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है, जबकि एक अन्य आरोपी फरहान को अदालत ने आर्म्स एक्ट में चार साल की सजा सुनाई है। 25 जनवरी 2005 दिन मंगलवार को दोपहर करीब तीन बजे का वक्त था। शहर पश्चिमी के बसपा विधायक राजू पाल एसआरएन अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस से दो गाड़ियों के काफिले में साथियों संग धूमनगंज के नीवां में घर लौट रहे थे, तभी सुलेमसराय में जीटी रोड पर उनकी गाड़ी को घेरकर गोलियों की बौछार कर दी गई।

## न्यूज झरोखा

### गृहकर में छूट के लिए रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल



**प्रयागराज।** नगर निगम में गृहकर वसूली के लिए निजी लोगों को लगाया गया है। जार्जटाउन के एक अस्पताल संचालक ने आरोप लगाया है कि नगर निगम की कर अधिकारी के नाम पर सुभाष नाम का व्यक्ति उनके यहां आया और गृहकर में छूट के नाम पर 70 हजार की रिश्वत मांगी। इसका वीडियो अस्पताल संचालक ने बनवाया है। जिसके आधार पर जार्जटाउन थाने में तहरीर दी है।

### एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव बने अखिलेश यादव



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष अखिलेश यादव अब एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव बनाए गए हैं। इसके पहले वह पूर्वी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे। अब एनएसयूआई ने अपनी राष्ट्रीय कमेटी में शामिल किया है। बता दें कि अखिलेश यादव ने वर्तमान समय में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के सेंटर फॉर हिस्टॉरिकल स्टडीज से पीएचडी में एडमिशन लिया है। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव से अपनी राजनीति की शुरूआत की थी। राष्ट्रीय सचिव बनने पर रोहित कुमार, धीरेंद्र राजभर, मो. अनस, मो. अनस, अनूप यादव, आशीष रंजन तिवारी समेत संगठन के अन्य कार्यकताओं ने बधाई दी है।

### अनवर मार्केट में रोजा इफ्तार का हुआ आयोजन




**झूंसी।** अनवर मार्केट में शुक्रवार को रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने इसमें शिरकत किया। मोहम्मद अनस की ओर से झूंसी के अनवर मार्केट में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के नामी गिरामी लोगों के अलावा पार्षद, अधिवक्ता व अन्य बुद्धिजीवी वर्ग ने शिरकत किया। रोजा इफ्तार के बाद उसी स्थान पर मगरिब की नमाज अदा की गई। इमामत मौलाना अब्दुल वाहिद साहब ने की। नमाज के बाद सामूहिक रूप से देश की एकता व अखंडता के लिए दुआ की गई। मो. रिजवान, डॉ. सरवर अली महमूद, मो. नियाज, इश्तियाक अहमद, इरशाद आलम, इस्तखार अहमद, मो. तौकीर, मो. उमर, नुरुल अमीन, इमरान अहमद, नुरुल हुदा मो. तारीख, इशरत अहमद, पार्षद कोहना अनिल यादव, गुल्फिरोज, सुमित निषाद, बजरंगी निषाद, मनोज निषाद, दुर्गेश, अवधेश यादव, अंकुश सिंह, मोहित निषाद, आनंद सिंह, शाश्वत आदि मौजूद रहे।



# राजपूत करणी सेना के होली मिलन समारोह में जमकर उड़ा गुलाल

**फाफामऊ।** श्रीराजपूत करणी सेना संगठन का होली मिलन समारोह शुक्रवार को बाईपास स्थित आरपी रेस्टोरेंट में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। होली मिलन समारोह में संगठन के पदाधिकारियों ने एक दूसरे पर जमकर गुलाल उड़ाते हुए एक दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी। होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि रहे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने होली को भाई चारे और प्रेम का पर्व बताते हुए कहा कि हम लोगों को एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए और आपस में प्रेम सौहार्द बनाते हुए समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। होली मिलन समारोह में संगठन के जिला प्रयागराज के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। होली मिलन समारोह में संगठन के प्रदेश के महामंत्री दुर्गेश सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने भी सभी लोगों को रंग लगाकर होली पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम में रंगा रंग होली का कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई और जमकर अबीर गुलाल उड़ाए। होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव के डायरेक्टर उपेंद्र सिंह, संगठन के जिलाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, संतोष सिंह, नामवर सिंह, आईवी सिंह, रवि सिंह, देवराज सिंह, धीरज सिंह, जितेंद्र सिंह, डीपी सिंह, एसएन सिंह, अंकुर सिंह, दिनेश सिंह, सुनील सिंह, एसके सिंह, गौरव सिंह, वेद सिंह, रामसिंह आदि भारी संख्या में संगठन के लोग उपस्थित रहे।

# मस्जिदों के आसपास सुरक्षा को लेकर पुलिस रही मुस्तैद, सड़क पर गश्त करते रहे अफसर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उत्तर प्रदेश में अलर्ट जारी किया गया है। कहीं भी माहौल बिगाड़ने की कोशिश न हो इसे लेकर पुलिस विशेष चौकसी बरत रही है। खासतौर पर जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट जारी हुआ है। रमजान में पड़ने वाले जुमे पर यूं ही खास एहतियात बरता जाता है। इस बार मुख्तार की मौत के मद्देनजर किसी अप्रिय घटना को लेकर पुलिस ने खासतौर पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। जुमे पर चौक स्थित जामा मस्जिद समेत शहर की अन्य मस्जिदों के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस, पीएसी और आरएएफ की तैनाती हुई है। पुराने शहर के खुल्दाबाद, कोतवाली थानों में अतिरिक्त फोर्स बुलाई गई है। जामा मस्जिद के सामने ही कोतवाली और डीसीपी सिटी का कार्यालय है। जुमे की नमाज के दौरान अफसर वहीं मौजूद रहते हैं। शुक्रवार को भी पुलिस अफसरों को गश्त का निर्देश दिया गया है।

**पुराने शहर में खास रही निगरानी :** पुलिस खासतौर पर इसकी निगरानी करेगी कि नमाज के बाद कोई हो हल्ला, प्रदर्शन न हो। शहर के करेली, अटाला, रसूलपुर, रोशनबाग, नूरुल्ला रोड, शाहगंज, खुल्दाबाद, चकिया, नखासकोहना, अकबरपुर, बहादुरगंज, हिम्मतगंज आदि इलाकों में सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं।मिली जुली आबादी वाले इलाको में पुलिस रात से ही गश्त कर रही है। यूं तो मुख्तार अंसारी का प्रयागराज से खास जुड़ाव नहीं रहा। न ही मुख्तार कभी यहां की जेल में बंद रहा लेकिन पुलिस हर स्तर पर एहतियात बरत रही है।

**सोशल मीडिया पर पुलिस की नजर :** माफिया मुख्तार अंसारी की बांदा जेले में मौत के बाद से ही प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस सोशल मीडिया की खास निगरानी कर रही है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट, फोटो, वीडियो, आरोप आदि लगाकर माहौल खराब करने की कोशिश न हो इसे लेकर पुलिस टीमें अलर्ट हैं। पुलिस आईटी सेल की टीमें इसे लेकर जानकारी जुटा रही हैं।

# लोग कहते हैं महंगा हूं सबसे, मगर कितना सस्ता बिका हूं तुम्हारे बिना

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शुक्रवार को केपी इंटर कॉलेज का विशाल परिसर में ठाकुर हर नारायण सिंह कॉलेज ऑफ ग्रुप की ओर से आयोजित प्रयाग होली महोत्सव के समापन अवसर का। भव्य काव्य मंच पर नामचीन कवि डॉ. कुमार विश्वास ने रात 10:11 बजे कविता कोई दीवाना कहता है, कोई पागल समझता है... प्रस्तुत कर युवाओं को दीवाना कर दिया। फिर प्रयागराज में हुए अपने प्रेम पर केंद्रित कविता जिंदगी से लड़ा हूं तुम्हारे बिना। हाशिए पर पड़ा हूं तुम्हारे बिना। लोग कहते हैं महंगा हूं सबसे मगर। कितना सस्ता बिका हूं तुम्हारे बिना। एक लड़की जो तुमसे मिली तक नहीं। मुझको उसने संभाला तुम्हारे बिना। मैंने जीवन बिताया तुम्हारे बिना, मैंने जीवन गंवाया तुम्हारे बिना... प्रस्तुत महफिल को गदगद कर दिया। इसके बाद अयोध्या पर केंद्रित कविता चलो अब लौट चलें रघुराई। जन-जन के हित इस निर्जन में, हमने उमर खपाई. अवध में आए गए रघुराई, नाच रही है दुनिया सारी, नाचे तीनों भाई... प्रस्तुत कर राम भक्ति का संचार कर दिया। रात 11:05 बजे जब हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई तब कविता अंबर से अमृत बरसे, तू बैठे महल में तरसे.. प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समापन किया। कुमार विश्वास ने इशारे-इशारे में कहा कि मेरठ में भी हाईकोर्ट की एक पीठ होनी चाहिए। मेरठ का बहुत धन प्रयागराज की बड़ी बड़ी बिल्डिंग में लगा है। कार्यक्रम के व्यवस्थापक अभिषेक ठाकुर, मुख्य आयोजक उदय प्रताप सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, विनोद प्रताप सिंह ने कवियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति गौतम चौधरी, डॉ. सुशील सिन्हा, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, महापौर गणेश केसरवानी, मुरारी लाल अग्रवाल, डॉ. शैलेष गौतम, राजेंद्र मिश्रा, कुमार नारायण, राजेश केसरवानी, किरन जायसवाल, अमर वैश्य मुन्ना भईया मौजूद रहे।



### मेरे नोएडा में न लोकनाथ है न दारागंज...

प्रयागराज की साहित्यिक, सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करते हुए कुमार विश्वास ने कहा कि मैं नोएडा में रहता हूं, लेकिन मेरे यहां न लोकनाथ है, न कॉफी हाउस है, न दारागंज की गलियां हैं। मेरे यहां न पंडित सुमित्रा नंदन पंत हैं, न निराला हैं और न फिराक हैं।

### किराए के मकान पर कब्जा



**प्रायगराज।** सरायममरेज की अंतिमा पटेल पत्नी प्रमोद कुमार पटेल ग्राम सभा मुहोद्दीनपुर के रहने वाले हैं उन्होंने अपना मकान किराए पर दिया था सन 2018 में सुभाष चंद्र यादव पुत्र नंदलाल यादव को निवासी छतौना के रहने वाले हैं उन्होंने मकान किराए पर लेकर वहां एजेंसी खोलने के लिए 5 वर्ष का किराए नामा पर लिया था जो एग्रीमेंट कराया था एग्रीमेंट में उन्होंने चौहद्दी भी अंकित किया था और एग्रीमेंट का समय 5 साल बीत जाने पर भी अंतिमा पटेल पत्नी प्रमोद कुमार पटेल का मकान खाली नहीं कर रहे हैं और उन्होंने साफ मना किया की मकान खाली नहीं करेंगे आप लोगों को जो करना है कर लीजिए अंतिमा पटेल ने सरायममरेज थाने में अप्लिकेशन दिया लेकिन सुनवाई नहीं किया गया ! उसके बाद उन्होंने तहसील भी जाकर आवेदन दिया लेकिन तहसील से भी उन्हें आज तक कोई इनसाफ नहीं मिला! तहसीलदार ने लेखपाल को आदेश दिए कि जमीन विवाद का रिपोर्ट दो ! क्यो कि दूसरा व्यक्ति भी दावा कर रहा था! जमीन को लेखपाल द्वारा नपवाया भी जो लेखपाल ने रिपोर्ट लगाया है कि अंतिम पटेल का मकान उनकी भूमिहारी में ही बना हुआ है और ये मकान उन्हीं का है इसमें किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं है लेखपाल की रिपोर्ट लगाने के बाद भी एसडीएम महोदय ने आश्वासन देते रहे कि हो जाएगा हो जाएगा खाली कर देंगे लेकिन सुभाष चंद्र यादव पुत्र नंदलाल यादव दबंगई के बल पर अंतिमा पटेल पत्नी प्रमोद कुमार पटेल का मकान खाली नहीं कर रहे हैं यह लोग अंतिमा पटेल और प्रमोद कुमार पटेल को जान से मारने की धमकी भी देते हैं और कहते हैं की पुलिस प्रशासन हमारा कुछ नहीं कर सकता है और तहसीलदार भी हमारा कुछ नहीं करेगा और हम किसी भी कीमत पर खाली नहीं करेंगे तुम्हें जो करना है कर लो! क्या आज सरकार जहां लोगो को बताती है कि गुडां गिरी खत्म कर रही है पर आज भी डर नहीं है लोगो पर।

# शिवम अक्षयवट हॉस्पिटल में शिविर का आयोजन किया गया

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी शुक्रवार को पिपुल्स वेलफेयर सोसायटी एवं शिवम् अक्षयवट मल्टिस्पेशियलिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में निः शुल्क मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्त्री रोग, बाल रोग, नेत्र रोग, दन्त रोग एवं विभिन्न विभागों के अनुभवी चिकित्सको द्वारा निः शुल्क परामर्श दिया गया, शिविर में लगभग 200 से से अधिक परिवार को सुविधा दी गई सोसायटी की सचिव डॉ नम्रता राय ने बताया की शिवम् अक्षयवट हॉस्पिटल नैनी का एक मात्र हास्पिटल है जिसमें सभी तरह की आधुनिक सुविधाएं एक साथ एक जगह पर उपलब्ध है। और समय समय पर जन सेवा की भावना से प्रेरित होकर हम सभी निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जगह जगह पर आयोजित करते हैं।






# इलाहाबाद लोकसभा के 1809 बूथों पर भाजपा कार्यकताओं ने की टिफिन बैठक बूथ समितियों से हुए रूबरू

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस प्रकार निरंतर दिन-रात अथक परिश्रम करके अपने मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास बनाए रखते हुए देश-प्रदेश मे विकास का कीर्तिमान स्थापित किया। जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता का दिल जीता अब हम सबका प्रयास होना चाहिए कि पिछले चुनाव मे भाजपा को मिले मतो में 370 से अधिक मतों को बढ़ाने का प्रयास कर एतिहासिक रूप से भाजपा का कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर और आशीर्वाद देने दिलाने का प्रयास हम सभी बूथ के कार्यकताओं का होना चाहिए उक्त बातें शुक्रवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व लोकसभा क्लस्टर प्रभारी अनिल राजभर ने इलाहाबाद लोकसभा के मनकामेश्वर बूथ संख्या 01 अरैल के तपस्वी बाबा आश्रम के प्रांगण में बूथ के कार्यकताओं पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र के संयोजक व बूथ अध्यक्षों के साथ टिफिन बैठक के दौरान कहीं साथ ही कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा बूथ के कार्यकताओं में हनुमान जैसी शक्ति है अब पुनः स्मरण करके संगठन के कार्य को पूरा करते हुए चार सौ पार के लक्ष्य को साकार करना है। साथ में यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने विश्वास दिलाया कि इलाहाबाद लोकसभा सीट हमारे कार्यकताओं के परिश्रम से पांच लाख मतों से जीतकर देंगे। वही इलाहाबाद लोकसभा के प्रभारी मनोज जायसवाल ने नारीबारी मंडल के सुरवल बूथ संख्या 273-274 के कार्यकताओं से टिफिन बैठक के दौरान संवाद स्थापित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश लेकर आप सभी कार्यकताओं के बीच आया हूं। मोदी जी ने आपसे 100 दिन मांगें थे अब 60 दिन ही शेष बचे है उस समय को बूथों पर देकर प्रत्येक बूथ पर मत प्रतिशत बढ़ाकर हम सबको संकल्प लेकर उसे पूरा करना है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि इलाहाबाद लोकसभा के 1809 बूथों पर टिफिन बैठक आयोजित हुई। कार्यकताओं ने भोजन मंत्र के बाद एक साथ बैठकर सर्वव्यापी सर्वस्पर्शी भाजपा के समरसता के साथ मिल-बांटकर भोजन करने के बाद ₹एक बार फिर मोदी सरकार₹ अबकी बार चार सौ पार के संकल्प को दोहराया। बैठक में जय सिंह पटेल, राजेश शुक्ला, दिलीप कुमार चतुवेर्दी,रत्नाकर सिंह पटेल, बृजेश पांडेय, सुधाकर पांडेय ,अंजनी लाल,नागेश्वर निषाद, सुनील प्रजापति,अशोक सिंह, सुभाष कुमार,विजय बहादुर सिंह, राजकुमार मिश्रा, सुनील प्रजापति,राजकरण कुशवाहा, छेदीलाल ,विजय बहादुर सिंह, पृथ्वीराज साहू, ज्ञानेंद्र प्रसाद कुशवाहा, शिवम् मिश्रा आदि के साथ बूथ के कार्यकर्ता और मातृशक्ति उपस्थित रहें।



# रमजान के तीसरे जुमे को मस्जिदों में उमड़ी रोजेदारों की भीड़

## रोजा रखना हर मर्द और औरत पर फर्ज, पाकीजगी से सुनी गयी जुमे की तकरीर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रमजान मुबारक महीने के आज तीसरे जुमे को नगर की सभी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी जिससे मस्जिदें ठसाठस भरी रहीं। कहीं-कहीं तो नमाजियों ने जगह कम पड़ने के कारण मस्जिद के बाहर जानमाज बिछाकर नमाज अता की। इस दौरान बच्चे, जवान व बूढ़े सभी जुमे की अजान के बाद सिर पर टोपी लगाये व कुर्ता-पायजामा पहन मस्जिद की ओर भागे नजर आ रहे थे।

यूं तो हर मुसलमान अमूमन जुमे की नमाज अता करने में कोई कोताही नहीं करता लेकिन जो कुछ लोग किसी मजबूरी के तहत जुमे की नमाज अता नहीं कर पाते वे रमजान के मुबारक महीने में पड़ने वाले जुमे की नमाज को जाया नहीं जाने देते। अजान के बाद हर मुसलमान मस्जिद में दाखिल होने के बाद सुन्नत पढ़ता है उसके बाद पेशइमाम खुतबा पढ़ते हैं और फिर फर्ज नमाज पढ़ी जाती है। नगर के बेगम वार्ड, बलीपुर, भैरोपुर, आजाद नगर, सदर बाजार, पुलिस लाइन, भुलियापुर, भगवा चुंगी, चौक जामा मस्जिद सहित कई मस्जिदों में जुमे की नमाज अता की गयी। पुलिस लाइन स्थित मस्जिद के पेश इमाम ने जुमे की तकरीर में कहा कि रमजान अल्लाह तआला का महीना है। उन्होंने कहा कि शाबान के महीने में ही कुरान पाक नाजिल हुआ। उन्होंने कहा कि पैगम्बर साहब ने फरमाया कि अल्लाह तआला फरमाता है कि इस माह में अमल बढ़ा दिया जाता है। एक नेकी की दस नेकियां लिखी जाती है। यहां तक कि नेकी का सिला सात सौ गुना तक दिया जाता है। रोजे का सवाब यानी पुण्य इतना अधिक है कि उसकी हद को अल्लाह ही जानता है। पेश इमाम ने फरमाया कि इस माह की कद्र न करना गुनाह का जरिया है। इस महीने की तमाम खूबियों, रहमतों को हासिल करने के लिए मुसलमानों को हर लम्हे एहतियात करना चाहिये। नेक अमल करते हुये बुरे कामों से बचना चाहिये। नमाज के बाद नमाजियों ने मस्जिद के बाहर बैठे गरीबों के बीच जकात अदा किया।



जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते नमाजीं।

# जिले के पांच मूल्यांकन केन्द्रों पर जांची गई 5.81 लाख उत्तर पुस्तिकाएं

## डीआईओएस कार्यालय से मूल्यांकन केन्द्रों की हुई निगरानी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के जिले के पांच मूल्यांकन केन्द्रों पर जांची जा रही हाईस्कूल व इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन का कार्य आज शुक्रवार की शाम पूरा हो गया। पांचों मूल्यांकन केन्द्रों पर पांच लाख 81473 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गई।

इसमें राजकीय इंटर कालेज में 166081 उत्तर पुस्तिकाएं, केपी हिन्दू इंटर कालेज में 168494 उत्तर पुस्तिकाएं, राजकीय बालिका इंटर कालेज में 64167 उत्तर पुस्तिकाएं, तिलक इंटर कालेज में 104340 उत्तर पुस्तिकाएं, पीबी इंटर कालेज में 78391 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। इस प्रकार जिले में कुल 581473 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन का कार्य सुचारु रुप से सम्पन्न हो गया। इन मूल्यांकन केन्द्रों की मानीटरिंग जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय में लगे कन्ट्रोल रुम से की जा रही थी। इस बारे में लोगों का कहना है कि सीबीएसई की अभी इंटर की परीक्षा चल रही है और यूपी बोर्ड ने परीक्षा के बाद अपने सभी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करा लिया। आशा है कि अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह तक हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के रिजल्ट भी आ सकते हैं।




डीआईओएस कार्यालय से मूल्यांकन केन्द्रों की निगरानी करते कर्मचारी

# डीआरएम ने स्टेशन कायाकल्प में तेज़ी लाने का दिया निर्देश

## अमृत भारत योजना में शामिल हैं मां बेल्हा देवी धाम रेलवे स्टेशन, बिल्डिंग और दोहरीकरण की देखी हकीकत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने शुक्रवार को मां बेल्हा देवी धाम रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़ पर चल रहे कायाकल्प के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है इसी के साथ ही उन्होंने ट्रैक दोहरीकरण का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही साथ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बता दें कि मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन अमृत भारत योजना में शामिल है। इसका कायाकल्प होना है। इसकी शुरुआत हो चुकी है । लेकिन किन्हीं कारणों से यह कार्य करीब चार माह पीछे चल रहा है। जिसके दौरान पुरानी बिल्डिंगों की तोड़ फोड़ का कार्य शुरू है। शुक्रवार को बिल्डिंग की हकीकत देखने आए डीआरएम जंघई से लौट कर प्रतापगढ़ स्टेशन की हकीकत को देखा। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति देखी। प्लेटफॉर्म चार और पांच के लिए बनने वाले विकास द्वार का भी निरीक्षण किया। प्लेटफार्म नंबर एक पर कैंटीन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने संचालक सुमित से खानपान की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली जिससे यह संतुष्ट नजर आए। रेलवे परिसर में उन्होंने नई बिल्डिंग के लिए बनाए गए ड्राइंग के अनुसार की निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान लखनऊ और प्रतापगढ़ के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बता दें कि फूड प्लाजा में डीआरएम को जनता भोजन की सुविधा नहीं मिली। इस पर आपत्ति जताई है। प्लाजा के कार्य से वे संतुष्ट नहीं नजर आए।



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरआए सचिंद्र मोहन शर्मा।

## शराब की दुकान में चोरी का पर्दाफाश, आरोपी धराया

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ठेका देशी शराब की दुकान में हुई चोरी की वारदात को लेकर पुलिस ने शुक्रवार को एक आरोपी को एक सौ पैंसठ लीटर शराब के साथ धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेज दिया। कोतवाल अवन दीक्षित ने बताया कि उन्नीस मार्च को लोहंगपुर स्थित ठेका देशी शराब की दुकान से शराब चोरी की वारदात हुई थी। मामले में मुकदमा पंजीकृत है। रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस बल के साथ आरोपित तेज सिंह का पुरवा अगई निवासी सोहन लाल वर्मा पुत्र रामदेव वर्मा को उसके गांव समीप से शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपित सोहन लाल वर्मा की निशानदेही पर पुलिस ने गांव समीप स्थित टयूबवेल के समीप छिपाकर रखे गये चोरी के एक सौ पैंसठ लीटर शराब की बरामदगी किया। कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी द्वारा शराब की दुकान से शराब चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था।

# हर रूप में भगवान का संकीर्तन कल्याणकारीः वियोगी महाराज

## गोकुल लान में चल रही भागवत कथा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भगवान का भजन करने का हर प्रयत्न व जतन करना चाहिए। भागवत कथा, राम कथा, शिव कथा जैसी कथाओं को सुनने के लिए कोई सीमा नहीं है। कोई इसकी संख्या नहीं कि कितनी बार सुना जाए। जब भी अवसर मिले जरूर सुनना चाहिए। भोजन की सीमा है भजन की नहीं।

यह बात कथा व्यास पं. अवध नारायण शुक्ल वियोगी महराज ने मीरा भवन के पास गोकुल लान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कही। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम किसी भी रूप में लेने से कल्याण होता है। कलयुग में भगवान का नाम लेने से ही कल्याण है। हमेशा सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए। भागवत महापुराण कर्म, संस्कार, भक्ति, वैराग्य और ज्ञान का मिला-जुला स्वरूप है। यह पुराण पुराणों का शिरोमणि है। इससे बड़ा कोई पुराण नहीं है। भागवत महापुराण साक्षात भगवान कृष्ण का स्वरूप है। कथा व्यास वियोगी महाराज ने संकीर्तन करते हुए वृंदावन की महिमा भी बताई। संकीर्तन कराया...वृंदावन जाने को जी चाहता है, राधे-राधे गाने को जी चाहता है। उन्होंने धुंधकारी की कथा बताते हुए कहा कि प्रेत आत्मा से मुक्ति की क्षमता केवल भागवत कथा में है। इसलिए संतों का दर्शन और भगवान की कथा में जाने का अवसर प्रभु की कृपा से ही प्राप्त होता है इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डा. श्याम शंकर शुक्ल श्याम, गीतकार सुनील प्रभाकर, एलआईसी के पूर्व अधिकारी शारदा प्रसाद शुक्ल, न्यू इंडिया के जगदीश प्रसाद पांडेय, पूर्व बीडीसी सुरेश पांडेय, व्यवसायी संदीप पंकज त्रिपाठी सोहगौरा, रामकृष्णाचार्य रामानुजाचार्य आदि मौजूद रहे। भागवत भगवान की आरती के बाद सभी को प्रसाद का वितरण किया गया।



भागवत कथा में बोलते कथा व्यास अवध नारायण शुक्ल वियोगी महाराज

## मेधावी हुए सम्मानित, खिले चेहरे

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकास खण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत सगरा सुंदरपुर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इण्टर कालेज में मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत हण्डौर के प्रधान नीतेश सिंह वीरू द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओ के कक्षा में अव्वल आने पर छात्रा मानसी यादव, श्रेया वर्मा, अमृता मोदनवाल, अनुष्का शुक्ला, आकांक्षा वर्मा, सृष्टि त्रिपाठी, विकास तिवारी, सोम जोशी आदि को विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य बालेन्द्र ओझा ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि आरडी यादव रहे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने कहा कि मेधावी बच्चे कल के भारत के भविष्य निर्माता हैं। उन्होने शिक्षकों से बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ संस्कार की भी मजबूती पर जोर देने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन सर्वेश मिश्र ने किया। इस मौके पर प्रेमशंकर द्विवेदी, आशुतोष सिंह, अजय त्रिपाठी, बृजेश त्रिपाठी, श्वेता मिश्रा, वीर नारायण तिवारी, कमलेश आदि मौजूद रहे।

# आत्मीय भाव से चिंता करना संगठन की कार्य पद्धतिः प्रांत प्रचारक

## आरएसएस ने आयोजित किया होली स्नेह मिलन कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश, कानपुर प्रांत के सह प्रांत प्रचारक मुनीश के साथ ही प्रांत संघचालक अंगराज सिंह, प्रसिद्ध कथावाचक दिलीप कृष्ण भारद्वाज उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में गोरक्ष प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा कि संगठन नीति से और परिवार नियित से चलता है। विगत 6 वर्षों से काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक के रूप में रमेश ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया सांगठनिक व्यवस्था पर चर्चा करते हुए उन्होंने कर्तव्य बोध और दायित्व बोध पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। संगठन कोई भी निर्णय या कोई भी व्यवस्था संगठन के हित में बनाता है और उसी के क्रम में दायित्व परिवर्तन और स्थान परिवर्तन भी होता है, किंतु जहां भी रहे अपने दायित्व के साथ न्याय करना चाहिए। एक स्वयंसेवक के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है और हम सभी इसी भाव से संगठन का कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं के मध्य परिवार का भाव होता है। परिवार के प्रत्येक सदस्य की आत्मीय भाव से चिंता करना और उसके अनुरूप उसे कार्य देना यह संगठन की कार्य पद्धति है। कानपुर प्रांत के सह प्रांत प्रचारक मुनीश ने कहा कि संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण भाव से निरंतर कार्य करते हमें जो भी व्यवस्था मिले उसका पूर्ण पालन करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रतापगढ़ विभाग के विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ सौरभ पांडेय ने किया। इस अवसर पर विभाग प्रचारक प्रवेश, विभाग संचालक रमेश त्रिपाठी, सह विभाग संघ चालक सीताराम केसरी, जिला संघचालक चिंतामणि दुबे, जिला संघचालक कौशांबी केदारनाथ, जिला प्रचारक कौशांबी अमरजीत, जिला प्रचारक प्रतापगढ़ शिव प्रसाद, सह जिला संघचालक कुंडा बसंत पांडे, जिला कार्यवाह कुंडा अजय मिश्र, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, डॉ रंगनाथ शुक्ल, जिला अध्यक्ष भाजपा आशीष श्रीवास्तव, पूर्व विधायक धीरज ओझा, ओमप्रकाश त्रिपाठी, हरिओम मिश्रा, शिव प्रकाश मिश्रा सेनानी, देवानंद त्रिपाठी,शिव शंकर सिंह,गिरजा शंकर मिश्र, डॉ पीयूषकांत शर्मा, विजय सिंह पटेल, ओम प्रकाश पांडे गुड्डू, नितेश खंडेलवाल, सर्वोत्तम पांडेय, दिनेश अग्रहरि, रमेश पटेल, शशि भाल त्रिपाठी, अनुराग मिश्रा, नगर प्रचारक आलोक, पीयूष, विनोद पांडेय, नीलम हिंद, रुचि केसरवानी, पिंकी दयाल, राम जी मिश्र, अभिषेक सिंह, सुनील दुबे, रघुवीर प्रसाद उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।




होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में बोलते प्रांत प्रचारक रमेश।

# चोरी का मंगलसूत्र व आधार कार्ड बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के थाना महेशगंज से उ0नि0 शिशिर पटेल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/विवेचना के दौरान थाना क्षेत्र महेशगंज के अंतर्गत निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे के पास से थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 52/2024 धारा 457, 380, 506 भादवि से सम्बन्धित चोरी का एक मंगलसूत्र व आधार कार्ड, पेन कार्ड के साथ अभियुक्त दिलीप सरोज पुत्र गामा सरोज नि0ग्राम पुरमई सुल्तानपुर थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ को गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि 26/27 मार्च 2024 की रात्रि में हमने अपने ही गावं के एक घर से चोरी किया था, बरामद सामान उसी चोरी का है, कुछ सामान हमने चोरी कर बेच दिया था। यह मंगलसूत्र बड़ा था इसलिए इसको नहीं बेच पाये।

# डीएम-एसपी ने भ्रमण कर लिया कानून-व्यवस्था का जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 एवं त्योहार/जुमे की नमाज/ईद के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत घण्टाघर चैराहा पर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा/कानून-व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं ड्यूटी चेक कर आवश्यक निर्देश दिये गये। उधर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह द्वारा सीओ पट्टी आनन्द कुमार राय के साथ जुमे की नमाज के दृष्टिगत थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत स्थानीय पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के साथ धार्मिक स्थलों के आसपास एरिया डोमिनेशन के तहत पैदल गश्त कर सुरक्षा/कानून-व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं ड्यूटी चेक कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि वाहनों की गहनता से चेकिंग की जाए और ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उधर सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर द्वारा एसएचओ लालगंज व अर्द्धसैनिक बलों के साथ जुमे की नमाज/कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत धार्मिक स्थलों के आसपास/संवेदनशील स्थानों पर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा/कानून-व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्यूटी चेक कर संबंधित को सतर्कता हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।




घंटाघर पर कानून-व्यवस्था का जायजा लेते डीएम-एसपी।

# नशे में टल्ली भतीजे ने चाचा को उतारा मौत के घाट, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** नशे में धुत भतीजे ने चाचा की पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया गया है।

उदयपुर थाना क्षेत्र के उदयपुर बाजार निवासी अरसठ वर्षीय शिवकुमार शर्मा पुत्र स्व. कन्हैया लाल शर्मा गुरूवार की रात करीब बारह बजे दरवाजे पर सो रहे थे। आरोप है कि इसी बीच उनका भतीजा रामकरन शर्मा पुत्र शंकर लाल नशे में धुत वहां पहुंचा और शिवकुमार को जगाकर विवाद करने लगा। इसी बीच वह अचानक हमलावर होकर चाचा की पिटाई करने लगा। शोरगुल सुनकर घर व आसपास के लोग भागकर वहां पहुंचे। गंभीर रूप से घायल शिवकुमार को इलाज के लिए सीएचसी सांगीपुर ले आये। यहां परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने शिवकुमार को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी की दस वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। उसके पुत्र सूरज शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी रामकरन शर्मा पर पिता की हत्या का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष राधे बाबू का कहना है कि शराब के नशे में भतीजे द्वारा की गई मारपीट से वृद्ध की मौत की बात जांच में सामने आयी है। शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नर्वदेश्वर महादेव मन्दिर वार्षिकोत्सव संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लच्छीपुर पाण्डेय का पुरवा रानीगंज स्थित प्राचीन नर्वदेश्वर महादेव मन्दिर के जीर्णोद्धार व स्थापना वार्षिकोत्सव के अवसर पर आज पुलिस महानिरीक्षक जुगुल किशोर त्रिपाठी आशुतोष शुक्ल डी आई जी सी बी आई अश्वनी दूबे जिला जज वाराणसी देव कांत शुक्ल अवनीश गौतम मनोज तिवारी सुभाष तिवारी नंद प्रताप ओझा आलोक द्विवेदी व विश्व दीपक त्रिपाठी अपर जिला जज नीरज त्रिपाठी सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रदीप शुक्ल सी जे एम व सूर्य कांत त्रिपाठी एस एस पी वाराणसी जी की गरिमामय उपस्थिति रही साथ ही स्थानीय पूर्व विधायक धीरज ओझा व उनके सैकड़ों कार्यकर्ता जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध व्यक्ति, शिक्षक, अधिवक्ता, पत्रकार, आरोग्य भारती के चिकित्सकगण की उपस्थिति रही। नर्वदेश्वर महादेव मंदिर पर मनाए जा रहे वार्षिकोत्सव को ऊंचाई प्रदान करने के लिए मिश्र बंधुओं द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के आयोजक अपर जिला जज वाराणसी राकेश पांडे एवं नर्वदेश्वर महादेव मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अंकित पांडे, सहित सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता आशीष पांडे, मनीष पांडे, राहुल पांडे, रोहित पांडे, शिवम पांडे, शिवांश पांडे, उत्कर्ष पांडे आदि रहे।

# वकीलों के चुनाव में आपत्तियों को लेकर हुआ मंथन, गहमागहमी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर अंतरिम सूची पर आपत्तियों के निस्तारण को लेकर चुनाव समिति द्वारा बैठक में मंथन शुरू हुआ दिखा। अंतरिम सूची में नाम न शामिल होने पर दीवानी तथा तहसील के दर्जन अधिवक्ताओं ने समिति के समक्ष आपत्ति का प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया है। वहीं चुनाव प्रक्रिया को लेकर संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश समेत कुछ पूर्व पदाधिकारियों द्वारा भी दिये गये परामर्श पत्र पर भी रणनीतिक चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि शनिवार को सभी आपत्तियों का निस्तारण अंतिम तौर पर किया जाएगा। इसके बाद समिति द्वारा अगले सप्ताह अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। बैठक का संचालन महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया। बैठक में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, राम मोहन सिंह, वीरेन्द्र सिंह अगई, शिवाकांत उपाध्याय, बेनी लाल शुक्ल, कालिका प्रसाद पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, टीपी यादव, केबी सिंह, रामलगन यादव, राव वीरेन्द्र सिंह, विकास मिश्र, राधारमण शुक्ल आदि मौजूद रहे। वहीं संघ के चुनाव में नाम बढ़ाए जाने को लेकर शुक्रवार को अवकाश के दिन भी तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की उपस्थिति गहमागहमी में दिखी।

## संपादक की कलम से

### कंगना बनाम कांग्रेस

उत्तराखंड की तरह हिमाचल प्रदेश भी छोटा सा खूबसूरत राज्य है । संयोग है कि दोनों राज्यों में इतने बड़े बड़े धर्मस्थल हैं कि दोनों राज्यों को देवभूमि कहा जाता है । प्रकृति ने इन हिमालयी आभा वाले राज्यों को अपार सौंदर्य से नवाजा है । ये राज्य अध्यात्म , चिंतन , संस्कृति एवम सभ्यता के महान केंद्र हैं । सच कहें तो भारत को ऑक्सीजन देने का बड़ा जिम्मा इन्हीं हिमालयी राज्यों का है । वेद उपनिषद पुराण आदि धर्मग्रंथों के जनक ये दो राज्य कश्मीर , असम और पूर्वोत्तर से मिलकर ज्ञान , तप और साधना के केंद्र हैं । साथ साथ तीर्थाटन एवं पर्यटन के मुख्य आधार रहे हैं
ऐसे में यदि हिमाचल में मंदिरों के गढ़ खूबसूरत मंडी नगर को भाव पूछकर अपमानित किया जाए तो घाव गहरा हो जाता है । इसी क्षेत्र से देश की जानी मानी अभिनेत्री कंगना को उम्मीदवार बनाते ही यदि कोई उनका चित्र डालकर ह मंडी में क्या भाव चल रहा है ह पूछेगा तो साफ समझ आ जाएगा कि इसी इलाके की बेटी पर सवाल उठाया गया है । तो क्या कांग्रेस पार्टी महिला अभिनेत्रियों को बदचलन मानती है ? बीस वर्ष के अभिनय जीवन में कंगना के चरित्र पर क्या कभी एक भी सवाल उठा ? कंगना देश की शिखरस्थ अभिनेत्रियों में शुमार हैं । उन्होंने परदे पर एक से बढ़कर एक किरदार निभाए हैं । मतलब आपकी नफरत बीजेपी से है , सब जानते हैं , मोदी से है सबको पता है । पर क्या उन 543 प्रत्याशियों से भी उतनी ही नफरत है जितनी कंगना से ? मंडी में भाव पूछते हुए आपने कंगना का जो चित्र लगाया था , वह उनकी एक फिल्म का है । वैसे एक स्त्री के जिन अंगों को उभारते हुए आपने ह मंडी ह में भाव पूछा है वे अंग दुनिया की हर औरत के पास हैं । आपके पास भी हैं सुप्रिया श्रीनेत ? हर पुरुष की पत्नी के पास हैं , मां बहन बेटी के पास हैं । ये अंग उन्हें भगवान ने दिए हैं , इंसान ने नहीं । सुप्रिया , आप कहती हैं कि आपके एक्स हैंडल को बीस लोग संभालते हैं । ओफ्फो ! आप इतनी बड़ी नेता हैं ? तीन दिनों में आप अभी तक पता नहीं लगा पाई कि यह ट्वीट किसने किया ? जब तक आप नहीं बताएंगी , सभी यही मानेंगे कि यह सब एक औरत के प्रति आपकी घृणा और जलन का करा धरा है । पर पोस्ट डिलीट करने से से कुछ नहीं होगा , तीर कमान से निकल चुका है । अभी चुनाव शुरू हुआ है , गहरा घाव भरने में भी काफी समय लगेगा । आश्चर्य की बात है कि कांग्रेस आलाकमान ने अभी तक भी सुप्रिया से इस मानसिकता की बाबत नहीं पूछा ? सुनों नेताओं ! भारत की औरतें बड़ी मुश्किलों के बाद बाहर निकली हैं । उनकी स्पीड के सामने अवरोध मत खड़े करो । इस देश की स्त्री चिर स्वाधीन थी।लेकिन हिन्दुस्तान की नारियों ने 1000 साल तक गुलामी का काल बड़ी मुश्किलों के बीच भोगा।स्त्री को अब न रोको सुप्रिया श्रीनेत?वैसे औरतों की उड़ान रोकने की हिम्मत तुम में या किसी पार्टी में है भी नहीं।कंगना से नहीं,औरत के किरदार से माफी मांगो ।वरना याद रखना,जल जाओगे ?

## दक्षिण अफ्रीका में अवैध शिकार की बलि चढ़ रहे गैंडे

दक्षिण अफ्रीका की सरकार गैंडों के बढ़ते शिकार से चिंतित है. पर्यावरण मंत्रालय ने बताया कि गैंडों के शिकार और उनके अंगों के अवैध व्यापार से निपटने की तमाम कोशिशों के बावजूद 2023 में 499 गैंडे मारे गए. 2022 की तुलना में यह संख्या करीब 11 प्रतिशत ज्यादा है. शिकार के ज्यादातर मामले सरकार के संरक्षण वाले अभयारण्यों से जुड़े हैं.

चीन और वियतनाम समेत कुछ एशियाई देशों में गैंडों के अंगों, खासकर सींगों की खासी मांग है. यहां कुछ पारंपरिक और वैकल्पिक दवाओं में गैंडों के अंगों का इस्तेमाल होता है. इसके कारण ब्लैक मार्केट में गैंडों के सींग की भारी मांग है.

आपूर्ति के लिए गैंडों का शिकार कर उनके अंगों की तस्करी की जाती है. कई दशकों से हो रहे अवैध शिकार और कुदरती आवास के खात्मे के कारण गैंडे की कुछ प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं. ब्लैक राइनो और जावा-सुमात्रा के राइनो गंभीर रूप से संकटग्रस्त हैं.

वन्यजीव संरक्षण समूह ह्यसेव द राइनो इंटरनेशनल' ने दक्षिण अफ्रीका में गैंडों के बढ़ते शिकार को बेहद चिंताजनक बताया है. समूह ने रेखांकित किया कि शिकार के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से अधिक संसाधन दिए जाने की जरूरत है. समूह के सीईओ जो शॉ ने कहा, "इस समस्या का रातोरात समाधान नहीं निकल सकता, लेकिन चूंकि दक्षिण अफ्रीका में हर 17 घंटे के भीतर एक गैंडे का शिकार किया जा रहा है, तो हम और समय नहीं गंवा सकते."

**शिकारियों और गार्डों की मिली-भगत का भी अंदेशा**

हाल के वर्षों में सरकारी एजेंसियों ने विशेष रूप से क्रूगर नैशनल पार्क के इर्द-गिर्द सुरक्षा घेरा खासा सख्त किया है. यह अभयारण्य मोजाम्बिक की सीमा से सटा है और पर्यटकों के बीच खासा लोकप्रिय है. यहां भी गैंडों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से कमी दर्ज की गई है. पिछले 15 साल के दौरान यहां गैंडों की संख्या 10,000 से घटकर तीन हजार से भी कम रह गई है.

सख्त सुरक्षा इंतजामों के चलते 2023 में यहां 78 गैंडे शिकारियों का निशाना बने. यह संख्या 2022 की तुलना में 37 प्रतिशत कम है. हालांकि यहां सख्ती का एक असर यह हुआ कि शिकारियों ने दूसरे क्षेत्रों और प्राइवेट रिजर्व की ओर रुख किया है.

दक्षिण अफ्रीका की पर्यावरण मंत्री बारबरा क्रीसी ने बताया कि क्वाजुलू नटाल प्रांत में एजेंसियों ने 49 संदिग्ध शिकारियों को गिरफ्तार किया है. उनके अनुसार, देश की अदालतों में 45 शिकारियों और सींग तस्करों पर आरोप भी सिद्ध हो चुके हैं.

इनमें एक पूर्व फील्ड रेंजर भी शामिल है, जिसे एक गैंडे को मारने के मामले में 10 साल की सजा सुनाई गई. गैंडों के शिकार की समस्या से निबटने के लिए राष्ट्रीय अभयारण्य प्रशासन को अवैध शिकारियों से मिलीभगत के संदेह में नए कर्मियों का लाई-डिटेक्टर टेस्ट तक कराना पड़ रहा है.

**सुरक्षा इंतजाम और बढ़ाने की जरूरत**

इसके बावजूद, अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) ने सितंबर 2023 में बताया कि संरक्षण प्रयासों के अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं और अफ्रीका में गैंडों की संख्या में वृद्धि हो रही है. साल 2022 में पूरे महाद्वीप में गैंडों की संख्या 23,300 थी, जो 2021 की तुलना में 5 .2 प्रतिशत अधिक थी.

# हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे सहारे

**- बादल सरोज**

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले उजागर हुए बॉन्ड काण्ड ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि लुटेरे कारपोरेट की पूंजी और घोटालेबाजों का काला धन ही मोदी ब्रान्ड हिन्दुत्वी राजनीति की शक्ति का स्रोत है। यह और इसी तरह का दूसरा, इससे भी ज्यादा तादाद वाला पैसा है जिसकी दम पर भारत के संसदीय लोकतंत्र की बखिया उधेड़ी जा रही हैं, चुनाव में सभी दलों के लिए समान अवसर की सारी संभावनाएं खत्म की जा रही है।

कहते हैं कि कोई अगर गिरने के लिए अपनी पर भी आ ही जाये तब भी उसकी कोई न कोई सीमा होती ही है। मगर भारतीय जनता पार्टी एक अलग तरह की पार्टी है। आजादी के बाद के भ्रष्टाचार कांडों में सबसे विराट रकम वाले चुनावी बॉन्ड्स के महा-घपले का भांडा फूटने के बाद ऊपर से नीचे तक पूरी भाजपा की बेशर्मी इसी की मिसाल है। पहले तो इन इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर दायर की गई याचिकाओं की सुनवाई में ही लगातार टांग अड़ाई गईं। इसके बाद भी जब मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की तरफ से इसके महासचिव सीताराम येचुरी सहित 5 याचिकाकताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों की संविधान पीठ ने सुनवाई पूरी करके अपने फैसले में इन बॉन्ड्स को अवैधानिक करार दे दिया। इसी के साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को इनसे जुड़ी सभी जानकारियां 6 मार्च तक सार्वजनिक करने के लिए आदेशित किया तो बैंक ही मुकर गई; उसने इसे बहुत ज्यादा ही बड़ा काम बताते हुए जून तक का समय मांग लिया।

मंशा साफ थी कि जो भी सामने आये वह आम चुनाव पूरे होने के बाद ही आये। यह एसबीआई का काम नहीं था, यह मोदी सरकार द्वारा देश की सर्वोच्च अदालत को अंगूठा दिखाने जैसा काम था। याचिकाकताओं ने जब इसे चुनौती दी तो संविधान पीठ ने एक बार पुनः एकदम साफ-साफ चेतावनी के साथ एसबीआई से कहा कि वह पूरी जानकारी 12 मार्च तक चुनाव आयोग को सौंपे और चुनाव आयोग 15 मार्च की शाम तक इसे अपनी वेबसाईट पर सार्वजनिक करे। एसबीआई ने इस स्पष्ट आदेश में भी टंगड़ी मारने की कोशिश की ; बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी और इन बॉन्ड्स से रकम उठाने वालों की जानकारी तो दे दी, मगर किसका बांड किसने भुनाया इसकी जानकारी वाला यूनिक कोड साझा नहीं किया।

जाहिर है सुप्रीम कोर्ट को झांसा देने की यह दूसरी धोखाधड़ी भी एसबीआई के किसी अफसर या चेयरमैन के बूते की बात नहीं थी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने एक और आदेश में कहा कि , 'हमने आदेश में पूरी जानकारी देने को कहा था। लेकिन एसबीआई ने बॉन्ड नंबर नहीं दिया। एसबीआई पूरे आदेश का पालन करे। सभी बॉन्ड के यूनिक नंबर यानी अल्फा न्यूमेरिक नंबर निर्वाचन आयोग को 21 मार्च तक मुहैया कराए।' इसके बाद भी जानकारी अधूरी ही आई है- अभी कुछ है जो छुपाई जा रही है। कुल मिलाकर यह कि भाजपा ने अपने अपराध छुपाने के लिए सारी नैतिक, न्यायिक और वैधानिक सीमाएं लांघ दीं और देश की न्यायपालिका की खुल्लम खुल्ला अवमानना की।

इलेक्टोरल बॉन्ड्स की अब तक की जानकारी में किस किसने कितना दिया, जुआ कम्पनी, बीफ निर्यातक कम्पनी वगैरा ने कितना दिया ये सारी जानकारियां लगातार आ रही हैं इसलिए उन्हें गिनाकर जगह घेरने का कोई मतलब नहीं। मगर दो-तीन रुझान गौरतलब हैं; इधर इनकम टैक्स और ईडी का छापा पड़ा, उधर भाजपा के खाते में कुछ सौ करोड़ रुपए का बॉन्ड पहुंच गया, इधर भाजपा को कुछ सौ करोड़ रुपयों का बॉन्ड मिला और उधर उस कंपनी को हजारों करोड़ रुपयों का ठेका मिल गया या सौदा हो गया। यह सीधे-सीधे घूसखोरी और भ्रष्टाचार का मामला है-ध्यान रहे 1981 में कुछ बिल्डर्स को आउट ऑफ टर्न सीमेंट देकर दो ट्रस्टों के लिए महज 5 करोड़ का चन्दा लेने के आरोप में महाराष्ट्र के तब के मुख्यमंत्री ए आर अंतुले को इस्तीफा देना पड़ा था। बोफोर्स में तो सिर्फ 64 करोड़ का कमीशन लेने की बात थी, मगर उसी से सरकार उलट गई थी।

आजाद भारत के पहले वित्तमंत्री टी टी कृष्णमाचारी को तो बिना पैसा लिए ही किसी को मदद करते पाए जाने पर मंत्रीपद छोड़ना पड़ा था। होने को तो खुद इसी भाजपा के लालकृष्ण अडवानी ने जैन हवाला काण्ड में 2 करोड़ रुपए लेने का आरोप लगने पर संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और शहीद बनने के अंदाज में कहा था कि 'राजनीतिक विश्वसनीयता बुनियादी चीज है. लोग हमें वोट देते हैं और हमें उनका विश्वास कायम रखना पड़ता है।' आज राजनीतिक विश्वसनीयता की दुहाई देने वाले उन्हीं अडवाणी को अपना मार्गदर्शक बताने वाली भाजपा इलेक्टोरल बॉन्ड से 60 अरब रुपए




वसूल कर डकार तक नहीं ले रही।

इस बॉन्ड काण्ड का एक और गंभीर रुझान यह है कि जिनकी कुल संपत्ति 2 या 4 करोड़ की भी नहीं है उन कंपनियों ने भी सैकड़ों करोड़ रुपए के बॉन्ड्स भाजपा को दिए। यह बेनामी रकम किसकी है? वह कम्पनी किस देश की है? इसे किन अपराधी गिरोहों से जुटाया गया है? यह किसी भी देश के लिए चिंताजनक बात होती, दुनिया के देशों में आज भी होती है, मगर सरेआम, रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद भी भाजपा बजाय शर्मसार होने के आरोप लगाने वालों को ही शर्मिन्दा करने के ढीठ अंदाज में अपने भ्रष्टाचार को सदाचार बताने की मुहिम युद्ध स्तर पर शुरू कर चुकी है। तरह-तरह के कुतर्कों, झूठों और महाझूठों का ज्वालामुखी सा फट पड़ा। झूठ की फैक्ट्री आई टी सैल का काम अब खुद भाजपा के शीर्षस्थ नेताओं से संभाल लिया। अपने चहेते और चुनिन्दा गोदी मीडिया के कभी प्रतिप्रश्न न करने वाले आज्ञाकारी पत्रकारों के बीच अमित शाह बोले कि 'बांड गोपनीय हैं तो क्या हुआ, नकदी चंदा भी तो गोपनीय होता था।' यह भी कि 'यह बांड सिस्टम राजनीति से काला धन समाप्त करने के लिए लाया गया था।'

मतलब यह कि भाई लोग काले धन में अपना भरा पूरा हिस्सा लेकर काला धन समाप्त करने का दावा कर रहे हैं। अपने अपराध को ढांपने के लिए अमित शाह झूठा आंकड़ा तक गढ़ लाये और चुनावी बॉन्ड्स को एसबीआई द्वारा बताई राशि 12 करोड़ से बढ़ाकर उसके 20 हजार करोड़ होने का दावा ठोंक दिया और प्रति सांसद के हिसाब से भाजपा को कम मिलने का शिकवा भी कर मारा। पूरे लेनदेन की तारीखें सामने आने और उनकी क्रोनोलॉजी साफ-साफ दिखने के बाद भी वित्त मंत्राणी निर्मला सीतारमण छुपाछुपी खेलती दिखीं और इनकम टैक्स के छापों के पहले दिया या बाद में इस बहस को ही निरर्थक बता दिया। महाराष्ट्र वाले देवेन्द्र फड़नवीस तो और आगे बढ़ गए उन्होंने दावा किया कि 'ये बॉन्ड काण्ड पोलिटिकल फंडिंग को लेकर किये जाने वाले अच्छे बदलावों में से एक है।' अब अगर यह अच्छा है तो पता नहीं भाजपाई शब्दकोष में बुरे और आपराधिक का मायने क्या होता होगा।

जिस भाजपा के केंद्र की सत्ता में पहुंचने की सीढ़ी ही भ्रष्टाचार के खिलाफ उमड़ा जनाक्रोश था, अब सिर्फ वह भाजपा ही इस काण्ड को राष्ट्रनिर्माण का पुण्य कार्य नहीं बता रही. संघ के महासचिव- सरकार्यवाह- दत्तात्रेय होसबोले ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा अवैध घोषित किये और जानकारियां सार्वजनिक होने के बाद और ज्यादा संदेहास्पद हुए चुनावी बॉन्ड्स की हिमायत करते हुए कहा कि 'ये एक प्रयोग हैं और इनमे जांच-परख (चेक एंड बैलेंस) के सारे इंतजाम है।' ध्यान रहे यह प्रमाणपत्र उसी संघ के महासचिव दे रहे थे जिसके सरसंघचालक भागवत दावा करते हैं कि 'आरएसएस राष्ट्रनिर्माण में विश्वास करती है, भ्रष्टाचार के विरुद्ध हर आन्दोलन में वह साथ है।'

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले उजागर हुए बॉन्ड काण्ड ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि लुटेरे कारपोरेट की पूंजी और घोटालेबाजों का काला धन ही मोदी ब्रान्ड हिन्दुत्वी राजनीति की शक्ति का स्रोत है। यह और इसी तरह का दूसरा, इससे भी ज्यादा तादाद वाला पैसा है जिसकी दम पर भारत के संसदीय लोकतंत्र की बखिया उधेड़ी जा रही हैं, चुनाव में सभी दलों के लिए समान अवसर की सारी संभावनाएं खत्म की जा रही हैं, सरकार में रहने और ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसे विभागों को गुंडों मवालियों की तरह इस्तेमाल कर अपने लिए वसूली रैकेट ही नहीं चलाया जा रहा है बल्कि विपक्षी दलों को चंदा देने वालों पर भी डंडा चलाया जा रहा है। यही काला धन है जिससे निर्वाचित सांसदों, विधायकों को खरीद कर जनादेश उलटे जा रहे हैं, सारे मीडिया को अपना चारण और भाट बनाया जा रहा है। नौकरशाह एक पार्टी -भाजपा- के तबेले में बांधे जा रहे हैं। तुलसीदास की रामचरितमानस के लंका कांड की चौपाई में कहें तो आम चुनाव में 'रावण रथी विरथ रघुवीरा' जैसी स्थिति बनाई जा रही है। जनता इसे समझ रही है और इसी समझदारी को अप्रैल और मई के मतदान में अपने निर्णय का आधार बनायेगी।

चुनावी बॉन्ड काण्ड तो बानगी है- अभी पीएम केयर्स फण्ड के घोटाले का सामने आना बाकी है। यह वह कोष है जो है तो पीएम के नाम पर मगर असल में मोदी एंड कंपनी लिमिटेड के पास है। आरटीआई सहित जांच-परख के सभी दायरों से ऊपर है। वर्ष 19-20 में इस फण्ड में 3076.6 करोड़ जमा हुए, अगली साल ये बढ़कर 10,990.2 करोड़ हो गए। जबकि दोनों सालों में कुल खर्च इसके आधे से भी कम 6125 करोड़ रुपए ही हुआ। किसी को नहीं पता कि बचा हुआ पैसा साढ़े सात हजार करोड़ रुपए - जो चुनावी बॉन्ड्स में भाजपा को मिले पैसे से भी अधिक है, कहां हैं, किसके नियंत्रण में है। पता तो यह भी नहीं है कि जो खर्च हुआ वह भी किस काम में खर्च हुआ, सही में खर्च हुआ भी है या नहीं।

**(लेखक सम्पादक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा)**

# सियासत के झटके या झटके की सियासत

**@ राकेश अचल**

हम जैसे रोजाना लिखने वाले लेखकों के लिए मुश्किल ये है कि हमें देश में उनके सामने सियासत के अलावा कुछ भी नया नहीं होता दिखाई देता। नया होता भी होगा तो सियासत का चेहरा इतना बड़ा है कि वो सबको अपने मायामंडल से छिपा लेती है। कल मैंने आपको राजनीतिक दलों की लिस्टों के बाबद बताया था। आज मेरी कोशिश है कि मै आपको सियासत में लगने वाले झटकों या झटके वाली सियासत से रूबरू कराऊँ। मानसिक कसरत आपको भी करना होगी।

चुनावी मौसम में जब लिस्टें बनतीं हैं तब किसी को टिकट मिलता है, किसी का कटता है। टिकट वितरण की पूरी प्रक्रिया ही झटका आधारित होती है। सियासत का काम ही झटके का दिया जलाकर रखने का है। बात बिहार से करें तो वहां राजद ने बेचारे पप्पू यादव को झटका दे दिय। उनकी पारम्परिक सीट से राजद के पुराने सुप्रीमो लालू यादव की बेटी को टिकट दे दिया गय। बेचारे पप्पू भाजपा से छिटककर राजद के करीब आये थे की बात बन जाये लेकिन नहीं बनी, उलटे झटका और लग गया।

आपको पता ही है कि भाजपा भी अपने एक युवा तुर्क वरुण गांधी को टिकट न देकर झटका दे चुकी है। वरुण गांधी के बागी होने की आशंका थी लेकिन वे बागी नहीं हुए। खामोशी से अपनी माँ श्रीमती मेनका गांधी का चुनाव प्रचार करने में लग गए। वरुण को जोर का झटका जोर से ही लगा। धीरे से लगता तो और बात थी। लगता है कि भाजपा ने वरुण की राजनीतिक नसबंदी कर दी है। वरुण न खुलकर रो पाए और न अपनी बदनसीबी पर हंस पाए। ऐसे नौजवानों के प्रति मेरी सहानुभूति हमेशा रही है, भले ही वे किसी भी दल के कार्यकर्ता हों।

सियासत में झटका और हलाल का चलन बहुत पुराना नहीं है। कांग्रेस चाहकर भी झटका राजनीति में दक्षता हासिल नहीं कर पाई है। आम जनता




को उम्मीद थी की कांग्रेस अपने बिभीषण केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के खिलाफ कोई मजबूत प्रत्याशी देगी, लेकिन खोदा पहाड़ और निकली चुहिया।

समाजवादी पार्टी को भी आजम खान साहब के गढ़ रामपुर से अंतिम मौके पर उम्मीदवार बदलना पडा। जामा मस्जिद के शाही इमाम को ऐन मौके पर प्रत्याशी बनाया गया इसलिए चुनाव चिन्ह तक चार्टेड प्लेन से भेजना पड़ा। सपा के इस फैसले से निवर्तमान सांसद हैं साहब को झटका लगना स्वाभाविक है। लेकिन रामपुर नरेश आजम खान साहब नहीं चाहते थे कि उनकी सल्तनत में पार्टी उनकी मर्जी के खिलाफ किसी को अपना प्रत्याशी बनाये, कहते हैं कि आजम साहब ठीक उसी तरह से जेल से सियासत कर रहे हैं जैसे अरविंद केजरीवाल जेल से दिल्ली की सल्तनत सम्हाले हुए हैं।

झटके देने में भाजपा दूसरे दलों से सबसे आगे चल रही है। भाजपा की अब तक सात सूचियां आ चुकी हैं और 407 प्रत्याशियों के नाम घोषित हो चुके हैं। भाजपा की सूचियां हर बार किसी न किसी को झटका देतीं हैं। भाजपा ने जब मंडी सीट से अभिनेत्री कंगना रानौत को अपना प्रत्याशी बनाया तो पता नहीं कितनों को झटका लगा। सियासत में झटका देने की शुरूवात 1985 में कांग्रेस ने की थी। कांग्रेस ने उस दौर में सबसे बड़ा झटका ग्वालियर से चुनाव लड़ रहे भाजपा के अटल बिहारी बाजपेयी को दिया था। कांग्रेस ने ऐन मौके पर पंडित जी के सामने सिंधिया घराने के प्रमुख माधवराव सिंधिया को उतार दिया था। कांग्रेस ने तब आज के शहंशाह अमिताभ बच्चन को भी ठीक उसी तरह मैदान में उतारा था जैसे इस चुनाव में भाजपा कंगना को लेकर आयी है।

झटके देने के तरिके में भी तब्दीली आ रही है । पहले टिकट काटकर या देकर झटके दिए जाते थे,अब पार्टियां स्टार प्रचारकों की सूची में नाम शामिलकर या नाम काटकर झटका देतीं है। मिसाल के तौर पर हरियाणा से भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई को पार्टी ने 3 दिन में दूसरा झटका दिया है। राजस्थान में लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए जारी स्टार प्रचारकों की लिस्ट में उनका नाम गायब है। इस लिस्ट में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, रोहतक स्थित बाबा मस्तनाथ मठ के महंत एवं राजस्थान से विधायक बाबा बालकनाथ और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का नाम शामिल है। भाजपा की स्टार प्रचारकों की सूची में मोदी जी के हनुमान अमित शाह का नंबर चौथा है। उनसे ऊपर राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी खुद हैं।

झटका देने में केंचुआ भी पीछे नहीं है। केंचुआ ने हाल ही में बंगाली नेता सुश्री ममता बनर्जी पर टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद दिलीप घोष और कंगना रानौत पर टिप्पणी करने वाली कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को नोटिस देकर झटकाने की कोशिश की है। केंचुआ ने सबसे पहले यानि चुनावों की घोषणा से भी कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी को भी एक एडवाइजरी जारी कर झटका देने की कोशिश की थी, लेकिन राहुल ठहरे 'झटकाप्रूफ' नेता। दरअसल राहुल गांधी पिछले एक दशक में इतने झटके खा चुके हैं कि उनके ऊपर झटकों का असर होना ही बंद हो गया है। सियासत में ये झटकेबाजी कब तक चलने वाली है ये कोई नहीं जानता। इसलिए आप भी तेल देखिये और तेल की धार देखिये।

## केजरीवाल की हिरासत बढ़ी, पर ईडी-भाजपा बेपर्दा

दिल्ली के कथित शराब घोटाला कांड के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किये गये आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से चाहे पूरी राहत न मिली हो परन्तु उन्होंने न्यायालय में ईडी एवं भारतीय जनता पार्टी को जिस प्रकार से बेपर्दा किया उससे ईडी का पक्ष तो कमजोर हुआ ही, लोगों में फिर से संदेश गया है कि भाजपा व उसकी केन्द्र सरकार विपक्षी दलों व उनके नेताओं के खिलाफ किस प्रकार से राजनैतिक षड़यंत्र रचती है और उसके लिये जांच एजेंसियों का कैसे इस्तेमाल होता है। दिलचस्प बात यह है कि जहां एक ओर केजरीवाल ने अपना पक्ष खुद ही रखा वहीं उन्होंने अपनी हिरासत बढ़ाने का विरोध न कर सबको चौंका दिया। सम्भवत: यह आप की रणनीति का हिस्सा हो कि वे अपनी बात कहें ताकि वह कोर्ट की जिरह से बढ़कर एक राजनैतिक संदेश बनकर दूर तक जाये। अगर ऐसा है तो उसमें वे सफल होते नजर आये हैं।

उल्लेखनीय है कि केजरीवाल को उनके दिल्ली के आधिकारिक निवास स्थान से 21 मार्च की रात को गिरफ्तार किया गया था। उन पर दिल्ली शराब घोटाले में संलिप्तता का आरोप है। गिरफ्तारी के पहले ईडी अधिकारियों ने उन्हें 22 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट में प्रस्तुत कर 10 दिनों की हिरासत मांगी थी लेकिन न्यायालय ने केवल 6 दिनों की जमानत दी थी। इसके अनुसार शुक्रवार को उन्हें कोर्ट के सामने प्रस्तुत कर ईडी द्वारा फिर से 7 दिनों की जमानत मांगी गई थी लेकिन कोर्ट ने यह हिरासत चार दिनों के लिये ही बढ़ाई। उन्हें 1 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे कोर्ट में प्रस्तुत करने का आदेश ईडी को दिया गया। इस मामले में पहले ही उप मुख्यमंत्री व आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया व एक अन्य मंत्री सत्येन्द्र जैन गिरफ्तार हैं। इसी मामले में बीआरएस की नेता के. कविता भी दो दिन पूर्व गिरफ्तार की गई हैं तथा वे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में हैं।

इसके पहले अरविंद केजरीवाल के वकीलों ने सुनवाई के दौरान इस बात को सामने लाया कि जिन सरकारी गवाहों के बयान पर केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है वे स्वयं अपने बयान बार-बार बदलते रहे हैं अत: उनकी विश्वसनीयता नहीं है। खुद केजरीवाल ने अपना पक्ष दमदार तरीके से रखते हुए कहा कि 'जिस बिना पर उन्हें गिरफ्तार किया है उस आधार पर चांदनी चौक के किसी जेबकतरे को तक गिरफ्तार नहीं किया जा सकता।' उन्होंने यह भी बताया कि जिस घोटाले की बात ईडी कर रही है, उसका एक पैसा भी बरामद नहीं किया गया है। कोर्ट में केजरीवाल ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड्स सम्बन्धी जो खुलासा हाल ही में किया गया है उससे पता चला है कि एक गवाह शरद चंद्र रेड्डी ने 50 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दिया है। इसके अनुसार भाजपा के खिलाफ मुकदमा करना चाहिये। इसके पहले दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी भी यह बात कह चुकी है। शुक्रवार को कोर्ट के फैसले के बाद आप के नेता सौरभ भारद्वाज ने भी यह बात दोहराई। इस मामले को लेकर 31 मार्च को रामलीला मैदान में एक बड़ी सभा इंडिया गठबन्धन की ओर से आयोजित की जा रही है जिसमें सभी सहयोगी दलों के शामिल होने की बात कही गई है।

शुक्रवार को केजरीवाल को एक जीत तो जरूर मिली जब दिल्ली हाईकोर्ट ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि केजरीवाल जेल से सरकार नहीं चला सकते। यह याचिका सुरजीत कुमार यादव ने दायर की है जिसमें कहा गया था कि केजरीवाल पर घोटाले का आरोप है इसलिये उन्हें मुख्यमंत्री पद पर रहने की इजाजत नहीं होनी चाहिये। साथ ही ईडी की हिरासत से आदेश जारी करने से केजरीवाल को रोका जाये। न्यायालय ने साफ किया कि केजरीवाल को पद से हटाने के लिये उसे न्यायिक हस्तक्षेप करने या राजनैतिक दायरे में घुसने की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट ने कहा कि यह कार्यपालिका का विषय है और मामला न्यायपालिका के दायरे में नहीं आता।

कार्यवाहक चीफ जस्टिस ने माना कि हिरासत से काम करने में सम्भवत: कुछ व्यवहारिक दिक्कतें हो सकती हैं परन्तु कोर्ट राष्ट्रपति या दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर को किसी तरह की सलाह या मार्गदर्शन देने का इच्छुक नहीं है। बेंच ने माना कि केजरीवाल के मामले में चल रही सुनवाई में कुछ समय लग सकता है लेकिन उस पर सम्बन्धित कोर्ट फैसला लेगा। आज निर्मित हुई स्थिति कल्पनातीत है तो भी कोई कानूनी रोक नहीं लगाई जा सकती। वैसे केन्द्र सरकार एवं भाजपा किस प्रकार से केजरीवाल को शासकीय काम करने से रोकने की तैयारी कर रही है, इसका आभास एलजी विनय कुमार सक्सेना के उस बयान से भी मिला था जब एक मीडिया हाउस के समिट में उन्होंने कहा था कि 'दिल्ली सरकार जेल से संचालित नहीं होने दी जायेगी'। वैसे संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि किसी आरोप में जेल जाने पर किसी मुख्यमंत्री या संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को उसके उत्तरदायित्वों के निर्वहन से रोका जा सके।

# बुन्देलखण्ड में चारों सीटें बचाना भाजपा के लिए चुनौती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** यूपी के बुन्देलखण्ड की चारों सीटें भाजपा के लिए बचाना खासा मुश्किल काम है। बांदा, हमीरपुर, जालौन व झांसी की चार सीटें भाजपा का किला बन चुकी हैं। इस बार के चुनाव में ये किला ढहने की कगार पर है। पिछले 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में ये चारों सीटें भाजपा के खाते में गई थीं।

भाजपा के खाते में ये चारों सीटें 44.86 फीसदी मतों के साथ गई थीं। यूपी के बांकी हिस्सों में भाजपा की कुछ सीटों पर पिछले विधानसभा चुनाव में सपा व बहुजन समाज पार्टी ने सेंध लगाई थी, लेकिन इन चारों सीटों पर ऐसा नहीं हो सका। 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने बुन्देलखण्ड में दबदबा कायम रखा था। इस इलाके की सभी 20 सीटें भाजपा ने जीती थीं। 2014 के चुनाव की तुलना में वोट प्रतिशत में कुछ फायदा हुआ था। 2017 के विधानसभा चुनाव में जहां भाजपा का वोट प्रतिशत 45.01 रहा, वहीं बसपा का 22.47 और सपा व कांग्रेस ने चुनाव लडकर 24.32 फीसदी वोट हासिल किया था।

बीते चुनाव के आंकडे और बुन्देलखण्ड के यूपी के हिस्से के भौगोलिक इलाके को ध्यान में रखा जाये तो यहां एक बार फिर एकतरफा चुनाव की स्थिति बन सकती है। वैसे भी बुन्देलखण्ड में 2014 के चुनाव में भाजपा का इस तरह जीतना ताज्जुब की बात नहीं थी, क्योंकि 1991 और 1998 व 2019 के आम चुनाव में भी पार्टी को भारी जीत मिली थी। देखा जाये तो 90 के पूरे दशक में बुन्देलखण्ड में भाजपा का वर्चस्व कायम रहा। रामजन्म भूमि आन्दोलन के समय बने राजनैतिक माहौल के बीच हुए 1991 के आम चुनाव में भाजपा

## 2014-2019 से कम है 2024 में मोदी लहर

ने बुन्देलखण्ड की चारों सीटों पर कब्जा किया था। 1996 में सिर्फ बांदा सीट बसपा के खाते में गई थी। भाजपा ने यहां बाकी तीन सीटें जीती थी। 1998 में फिर चारों सीटें जीतकर अपना वर्चस्व कायम किया। इसके बाद भाजपा को इस अंचल से एक अरसे को नाकामी मिली। 1999 से 15 साल के इंतजार के बाद मोदी लहर में 2014 व 2019 में फिर भाजपा यहां जीत सकी। इंतजार के इस अंतराल में भाजपा के हाथ 2004 के आम चुनाव में जालौन सीट हाथ लगी। जबकि सपा ने बाकी तीन सीटें जीतीं। बसपा ने 1999 में यहां तीन सीटें जीती थीं। 1984 में आखिरी बार यूपी के बुन्देलखण्ड की चारों सीटें जीतने के बाद 1999 और 2009 के चुनाव में कांग्रेस के हाथ झांसी सीट लगी थी। चुनाव में जातीय समीकरण की बात करें तो बुन्देलखण्ड में मुस्लिमों की आबादी कम है। इसलिए उत्तर प्रदेश के बांकी हिस्सों की तुलना में यहां इस समुदाय के वोट अहम नहीं है। दूसरी ओर यहां पूरा फोकस अनुसूचित जाति के वोटों पर रहता है। सपा-कांग्रेस गठबंधन भुनाने की कोशिश कर रहा है।

बांदा-हमीरपुर में ब्राम्हणों के वोट अहम हैं। इन इलाकों में लोधी समुदाय की भी खासी तादाद है। बांदा व झांसी में कुर्मी और कुशवाहा समूहों के वोट खास महत्व के हो सकते हैं। झांसी में राजपूतों का भी रसूख है, वहीं यादवों का भी, जालौन में भी यादवों के वोट निर्णायक साबित हो सकते हैं। आम चुनावों में जातीय समीकरणों ने बडी भूमिका अदा की तो यहां उलटफेर से इंकार नहीं कर सकते। वोटों का गठित अगर शुद्ध रूप से देखा जाये तो क्या सपा-कांग्रेस गठबंधन यहां कोई फर्क पैदा कर सकेगा? अगर सपा-कांग्रेस के वोटों को जोड़कर देखा जाये तो बांदा व झांसी में 2014 के चुनावों में यह भाजपा के वोटों से ज्यादा बैठता है। वहीं हमीरपुर व जालौन में भाजपा के वोट सपा-कांग्रेस के कुल वोटों से ज्यादा रहे थे। 2024 में गठबंधन के बाद बने माहौल में कहा नहीं जा सकता कि नतीजा क्या होगा, लेकिन वोटों की पूरी तब्दीली की सम्भावना से भी इंकार नहीं कर सकते। इसी दौरान यहां चुनाव इन मायनों में भी दिलचस्प होगा कि क्या कांग्रेस

# गांजा-तमंचा समेत युवक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने के मद्देनजर अपराधियों पर हो रही कार्यवाही में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण सिंह ने टिटिहरा मोड़ से वीरेन्द्र सिंह उर्फ रामू ठाकुर पुत्र दद्दू सिंह टिटिहरा को एक किलो 230 ग्राम गांजा व तमंचा 315 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया।

शुक्रवार को थानाध्यक्ष ने ये गिरफ्तारी की है। आरोपी पर



पुलिस गिरफ्त में गांजा कारोबारी।

एनडीपीएस एक्ट व शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण सिंह, दरोगा बालकिशुन, सिपाही नरेन्द्र सिंह, अखिलेश सिंह व महिला सिपाही दीपिका सिंह शामिल रहे।

# भाजपा मंडल उपाध्यक्ष को अध्यक्ष ने ही ठगा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** हनुवा मजरा गडरियन पुरवा मंडल ऐंचवारा के भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रामलाल पाल पुत्र रामनाथ पाल ने भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी को लिखे पत्र में कहा कि वह नलकूप कनेक्शन धारक हैं। विद्युत बिल का भुगतान समय से कर रहा था।

विद्युत विजलेंस टीम ने अवैध ढंग से विद्युत चोरी का आरोप लगाकर जुर्माना किया है। शुक्रवार को भाजपा मंडल ऐंचवारा उपाध्यक्ष रामलाल पाल



भाजपा मंडल उपाध्यक्ष।

ने भाजपा जिलाध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा कि छूट के साथ जुर्माना की राशि जमा करने का आदेश मिला था। भाजपा मंडल ऐंचवारा अध्यक्ष आशीष पाण्डेय विद्युत विभाग में कार्यरत हैं, जुर्माना जमा करने को साठ हजार रुपये दिये थे। उसे पांच किस्तों में जो रसीदें दी गईं, वह दी धनराशि से कम की हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष पाण्डेय ने ये कहकर लिया था कि विद्युत विभाग के अधिकारी ने रिश्वत ली है। पीडित ने पता लगाया तो अधिकारियों ने घूस लेने से मना किया। पीडित ने जिलाध्यक्ष से निवेदन किया कि कार्यकर्ता को शोषण से निजात दिलाई जाये।

# शोहदों-मनचलों पर एंटी रोमियो टीमें करती हैं कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति जारी मिशन शक्ति अभियान-4 के तहत जिले के सभी थानों की एंटी रोमियों टीमों/शक्ति दीदी ने विभिन्न सार्वजनिक स्थल व गांवों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरुक किया।

शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर जिले में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति



महिलाओं को जागरूक करती महिला सिपाही।

क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में सभी थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियों टीमों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों व गांवों में भ्रमण किया। महिलाओं/बालिकाओ को चैराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराने राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन, अभद्र टिप्पणियां आदि घटनाओं को रोकने को जागरुक किया। महिला/बालिकाओं की सुरक्षा बाबत यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप 181 महिला हेल्प लाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1098, चाइल्ड हेल्प लाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन बाबत जानकारी दी। इस दौरान मौजूद महिलाओं/बालिकाओं से कहा कि सभी थानों में सुरक्षा-सहायता को महिला हेल्पडेस्क है। महिला पुलिसकर्मी महिलाओं की शिकायत सुनकर निस्तारण करती हैं। महिला सुरक्षा बाबत जारी हेल्पलाइन नम्बरों के पंपलेट बांटे। निर्भीक होकर नम्बरों का उपयोग करने को कहा। क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने को प्रेरित किया। सोशल मीडिया पर प्राइवेसी रखते हुये प्रयोग करने को कहा। महिलाओं-बालिकाओ को जिले में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में बताया। सादे वस्त्रों में प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कालेज, कोचिंग संस्थान के आसपास महिलाओ-बालिकाओ का आवागमन ज्यादा होता है। ऐसे स्थानों को चिन्हित कर शोहदो-मनचलो की आपत्तिजनक हरकतें रोकने को जांचकर पूंछताछ की जाती है।

# चोरियों में कहीं पुलिस का तो हाथ नहीं: रुद्र

## बढ रही चोरियों पर जताई चिन्ता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** माकपा जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने जिला कमेटी की बैठक में कहा कि इन दिनों शहरी क्षेत्र में चोरियों की बाढ आ गई है। चोरियों का खुलासा न होने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि चोरियों के पीछे किसी पुलिस कर्मी का हाथ तो नहीं हैं। उन्होंने चोरियों के खुलासे की मांग की है। शुक्रवार को माकपा जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने जिला कमेटी की बैठक में कहा कि शहरी क्षेत्रों में जिस अंदाज में चोरियां



बैठक में बोलते माकपा जिला सचिव।

हो रही हैं, उनका खुलासा नहीं हो रहा। बढते अपराधों पर चिन्ता जताते हुए कहा कि थाने के प्रभारी बदलने से भी अपराधों में कमी नहीं आ रही और न अपराधियों तक पहुंचा जा रहा है। कोतवाली कर्वी में अपराध संख्या 539/2023 की घटना को सात महीने हो रहे हैं। चोरी का खुलासा नहीं हुआ। एसडीएम कालोनी में शिक्षक श्यामसुन्दर यादव के घर में लाखों रुपये की चोरी का खुलासा नहीं हो सका। सीतापुर क्षेत्र के रानीपुर भट्ट आशुतोष नगर में जल निगम के ठेकेदार के बन्द घर से चोर लाखों की सामग्री ले गये। चोरों को सीसीटीवी कैमरे में देखा जा सकता है।

फिर भी चोरों को नहीं पकडा जा रहा। सीसीटीवी कैमरे में कैद चोर पकड में आ जायें तो एसडीएम कालोनी में हुई चोरी का खुलासा हो सकता है। पुलिस की उदासीनता व लापरवाही से चोर पकडे नहीं जा रहे। चोरी का माल भी बरामद नहीं हो रहा। सवाल उठाया कि चोरियों के पीछे किसी पुलिस का तो हाथ नहीं है। बैठक में सचिव मंडल के सदस्य का शिवमोहन यादव, का चुनकूराम पाल, का मो अली, का राजाराम, पार्टी सदस्य का अजय, शिवम व देवराज आदि मौजूद रहे।

## तीन वाहन चोरों को हुई तीन-तीन वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह व पैरोकार आनंद कुमार तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने न्यायालय से वाहन चोरी करने वाले तीन लोगों को तीन-तीन वर्ष की सजा व छह हजार रूपये जुर्माना से दंडित कराया है। शुक्रवार को शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायधीश चतुर्थ नीरज श्रीवास्तव ने मानिकपुर थाने में दर्ज वाहन चोरी के आरोपी रामचंद्र यादव पुत्र शिवदर्शन, पप्पू उर्फ ओमप्रकाश प्रजापति पुत्र मैयादीन व सुधीर सिंह पुत्र लक्ष्मी सिंह को तीन-तीन वर्ष की सजा व छह हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया।

# निर्धारित अवधि में बोर्ड परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं मूल्यांकन कार्य पूरा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित हाईस्कूल-इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य समाप्त हो चुका है। उपनियंत्रक डॉ रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि इस वर्ष मूल्यांकन केंद्र हाईस्कूल-इंटर परीक्षा की 113662 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने उप नियंत्रक समेत सभी परीक्षाओं को निर्धारित समय में मूल्यांकन कार्य पूरा करने पर बधाई दी। इस वर्ष हाईस्कूल में 63453 व इंटर में



मूल्यांकन कार्य देखते डॉ रणवीर सिंह चौहान।

50209 उत्तर पुस्तिकायें मूल्यांकन को आई थीं। हाईस्कूल में 25 व इंटर में 40 टोली लगी थी। सभी विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो चुका है।

सभी विषयों के अवार्ड ब्लैंक (अंक सूची) परिषद कार्यालय को भेजे गए हैं। जांची उत्तर पुस्तिकाओं का उप प्रधान परीक्षकों की देखरेख में अंकेक्षण कराया जा रहा है। मूल्यांकन कार्य व्यवस्थित ढंग से कराने में परीक्षा प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी, ऋषि कुमार शुक्ला, सतीश रैकवार, डॉ रमेश सिंह चंदेल, फूलचंद चंद्रवंशी, डॉ आलोक शुक्ला, रामगोपाल दुबे, लालमन, प्रवीण त्रिपाठी, शिवाधार पांडेय, जयप्रकाश यादव, पवन कुमार, अमित द्विवेदी, रामबचन सिंह, विनय त्रिपाठी, राकेश, अजीत सोनकर, रमेश कुमार, पुष्पेंद्र, तीरथ प्रसाद कुशवाहा, गौरीश कुमार तिवारी, जयप्रकाश, मनोज पांडेय, ललक यादव, प्रदीप शुक्ला, वीरेंद्र गर्ग का सराहनीय योगदान रहा। उप नियंत्रक डॉ चैहान ने सभी उप प्रधान परीक्षकों व सहायक परीक्षाओं से मूल्यांकन के पारिश्रमिक भुगतान को पावना पत्र परीक्षा कार्यालय को जल्द देने को कहा है।

# सोना उगलने वाली धरती हुई बंजर, कभी थीं पांच मिलें, अब कुछ नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दाल, लाही और कपास के हब रहे चित्रकूट में पांच बड़ी मिलें रही हैं। दशकों तक ये मिलें संचालित होती रहीं। पैदावार घटी तो एक के बाद एक जिले से ये पांचों बडे उद्योग ठप हो गये। आजादी के बाद आई किसी भी सरकार ने बुन्देलखण्ड में औद्योगिक विकास की पहल नहीं की।

बहुत कम लोग जानते हैं कि बुन्देलखण्ड के पिछड़े क्षेत्र चित्रकूट में कभी पांच मिलें थीं। यहां बड़े पैमाने पर किसान कपास की खेती करते थे। यहां की बड़े दाने वाली बलौंधा अरहर के साथ अलसी व लाही उत्पादन में क्षेत्र अव्वल था।



बन्द पड़ी मिल।

कानपुर के सिंघानिया ग्रुप ने कर्वी में जेके जूट मिल व जेके आयल मिल की स्थापना की थी। सेठमूलचन्द्र जैन ने अलग से आयल मिल और दराना खोलकर पचास के दशक में हाथ की चकिया के सहारे सैकड़ों महिलायें दालों की दराई करती थीं। सिविल लाइन कर्वी में सन 1971 में बुन्देलखण्ड दाल और आयल मिल खोलने वाले मुकुन्दलाल गुप्ता बताते थे कि तीन दशक तक व्यापार किया। हर दूसरे दिन सवा सौ कुंतल दाल जौनपुर, बनारस, नवादा, रांची, भागलपुर समेत कई अन्य मंडियों में भेजते थे। हर तीसरे दिन उनकी मिल से 12 हजार लीटर तेल की सप्लाई होती थी। इस मिल में टेट्रन की बोगी सीधे अन्दर जाती थी। टैंकरों से तेल सीधे बाहर जाता था। धीरे-धीरे पैदावार कम होती गई। एक के बाद एक सभी उद्योग ठप हो गये।

## मिल तो नहीं रही, वारिसान लड रहे मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समय ने करवट ली, कानपुर के सिंघानिया ग्रुप ने कर्वी में जेके जूट मिल व जेके आयल मिल की स्थापना की थी-अब बलदाऊगंज स्थित इस मिल को लोगों ने खरीद-फरोख्त कर लिया है। मिल की चिमनी भी तोड डाली है, जो कभी यहां के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाती थी। बलदाऊगंज स्थित जेके जूट मिल व जेके आयल मिल में लोगों के वैध-अवैध कब्जे हो गये हैं। सिंघानिया ग्रुप ने जिस जमीदार से मिल को जमीन ली थी, वह जमीन भी खुर्द-बुर्द हो गई है। 99 साल के पट्टे पर ली गई जमीन भी पट्टा की अवधि खत्म होने के बाद जमीदार को नहीं मिली, जमीदार के वारिसान जमीन पाने को अदालत में मुकदमा लड रहे हैं।

मुकुन्दलाल गुप्ता बताते थे कि मिल के सभी हिस्सेदारों के व्यवसाय बदल गये। आजादी के बाद तमाम सरकारें आई और गईं। बुन्देलखण्ड के औद्योगिक विकास की दिशा में कोई पहल नहीं हुई। कभी सोना उगलने वाली चित्रकूट की धरती उर्वरा शून्य हो गई। बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि जिले में औद्योगिक पहल से विकास सम्भव है। तीन साल पहले आये महोबा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन्होंने पत्र दिया था। जिले में आये योगी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को पत्र देकर औद्योगिक विकास की पहल करने की मांग की है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# चार लोगों को तमंचा-गांजा समेत दबोचा

## एक का है अच्छा खासा आपराधिक इतिहास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों में अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से तमंचे-कारतूस समेत व एक के कब्जे से एक किलो 250 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया।

शुक्रवार को पहाडी पुलिस ने रवि पाण्डेय उर्फ आकाश पाण्डेय पुत्र रघुनन्दन पाण्डेय निवासी जदूह सेमरिया जिला रीवा मप्र, अमन पटेल पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी प्रसिद्धपुर, पंकज सिंह उर्फ पप्पू पुत्र प्रेमचन्द्र पटेल निवासी प्रसिद्धपुर व अनुज पटेल पुत्र छेदीलाल पटेल निवासी प्रसिद्धपुर को गिरफ्तार किया। रवि पाण्डेय का अच्छा-खासा आपराधिक इतिहास है। विभिन्न थानों में उस पर मामले दर्ज हैं। इनकी गिरफ्तारी नोनार मोड से गुरुवार को सवेरे पांच बजे की गई है।

ज्ञात है कि पहाड़ी थाने में तैनात दरोगा विपिन कुमार मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि नोनार मोड़ पर कुछ लोग बैठे हैं। दरोगा ने टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो चार लोग पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने घेरकर पकड़ लिया। पूंछताछ व जामा तलाशी में रवि पाण्डेय के कब्जे से एक किलो 250 ग्राम गांजा, अमन पटेल, पंकज सिंह उर्फ पप्पू व अनुज पटेल के कब्जे से एक-एक तमंचा 315 बोर व कारतूस मिले। सभी के खिलाफ उचित धाराओं में मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा विपिन कुमार मिश्रा, दरोगा मातादीन, दरोगा किशन कुमार, दीवान कृष्णपाल सिंह, सिपाही राहुल कुमार, संतोष कुमार शामिल रहे।

# तुम्हारे पांव के नीचे जमीन नहीं, कमाल है तुम्हे यकीन नहीं, माफिया मुख्तार अंसारी का अंत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जहां से गुजरो धुआ बिछा दो, जहां भी पहुंचो धमाल कर दो- तुम्हे सियासत ने हक दिया है, हरी जमीनों को लाल कर दो- कोई एक दिन में माफिया मुख्तार अंसारी नहीं बनता। इसके लिए सदियां गुजर जाती हैं। सत्ता और ताकत जिसके साथ रहेगी, वह माफिया में शुमार होता रहेगा।

शुक्रवार को माफिया डान मुख्तार अंसारी का शव जिस अंदाज से वाहनों के काफिले में चित्रकूट से गुजरा, उससे प्रतीत हुआ कि मरने के बाद भी उसका जलवा कायम रहा। साठ से अधिक आपराधिक मामले दर्ज होने के बाद वह आगे बढने और खुद को बचाने में शामिल रहा। बार-बार मामलों की सुनवाई होती रही, हर बार उसे नेता के



मुख्तार अंसारी फाइल फोटो।

रुप में उभरने का मौका मिला। सत्ता-सुविधा-पहुंच और समाज में माफिया से बने राजनेता के अध्ययन से पता चलता है कि 63 साल की उम्र में बांदा जिले में 28 मार्च 2024 की रात दिल के दौरे से उसकी मृत्यु हो गई। तीस जून 1963 को पैदा हुए मुख्तार भारतीय राजनीति में जाने-माने नेता का अंत हो गया। उसका नाम पूरी यूपी में फिर से गूंज रहा है। आज तक उसने पूरी सजा नहीं काटी। उस पर मुकदमा चलाने वाले भी अपमानित होते रहे। माता-पिता की पारिवारिक पृष्ठभूमि से मिली ताकतों का इस्तेमाल वह समाज में अपराध करने में करता रहा। 80-90 के दशक में गाजीपुर, बनारस में 1995 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में छात्रसंघ के जरिये राजनीति में कदम रखा। कौमी एकता दल पार्टी भी बनाई। पांच बार विधायक रहा। अदालत ने उसे आठ मामलों में सजा सुनाई थी। भाजपा नेता कृष्णानन्द राय की हत्या में दोषी ठहराते हुए दस साल की सजा हुई थी। 1990 में लाइसेंस प्राप्त करने में जाली दस्तावेज मामले में भी सजा हुई थी। आज उसकी मृत्यु के बाद उसके नाम की गूंज फिलहाल बनी है।

# एसपी के निर्देश पर तीन पर गुण्डा-15 पर मिनी गुण्डा एक्ट

## लोस चुनाव शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने को हो रही कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले तीन लोगों पर गुण्डा एक्ट तथा 15 लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही होने से अपराधीतत्वों में हलचल मची है। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने विकाश उर्फ चिक्कू पुत्र गल्हू पटा मजरा सरहट, शिवम मिश्रा पुत्र रामू प्रसाद सुभाषनगर के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य ने आनंद द्विवेदी उर्फ भाउ पुत्र आशुतोष द्विवेदी कोठी पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय ने इन्द्रेश, जितेन्द्र



एसपी अरुण कुमार सिंह।

पुत्र जुगुल किशोर निवासी मोहिनी पर 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय ने रामाकान्त, उमेश पुत्र इन्द्रदेव पाण्डेय इटवां, दीनदयाल पुत्र साहिबलाल लोखरी, बुद्धराज पुत्र कल्लू चेहटा, धर्मपाल पुत्र झल्लू उर्फ चुन्नू, रज्जू, कुलदीप पुत्र नयाचन्द्रा, अंकुश, पंकज पुत्र लवलेश, उमेश पुत्र शिवभवानी रामपुर, रामबाबू पुत्र कल्लू, जानकी शरण पुत्र शिवभवन अमरपुर के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

## पुलिस ने दबोचे एक वांछित-तीन वारंटी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित-तीन वारंटी दबोचे हैं। शुक्रवार का प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश कुमार मौर्य ने दीवान रमेश चन्द्र, सिपाही रोहित यादव के साथ घर में घुसकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी व पॉक्सो एक्ट के वांछित शैलेन्द्र कुमार पुत्र रामबहोरे निवासी कोलहाई मजरा बरगढ़ को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में पहाडी थाने के दरोगा विपिन कुमार मिश्रा ने सिपाही विनोद कुमार के साथ एनआई एक्ट वारंटी अवधेश कुमार पुत्र मोतीलाल बाबूपुर को गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा मातादीन ने दरोगा किशन कुमार के साथ खनिज अधिनियम के वारंटी अर्जुन पुत्र रुद्र प्रसाद रमयापुर को गिरफ्तार किया। कर्वी कोतवाली के दरोगा श्यामदेव सिंह ने सिपाही शिवपूजन के साथ आबकारी अधिनियम वारंटी देवेन्द्र शुक्ला पुत्र जगन्नाथ शुक्ला निवासी इन्द्रानगर कबरई जिला महोबा को गिरफ्तार किया।

# मॉस्को में शोक और डर का माहौल, लेकिन पुतिन के दावे पर आम सहमति नहीं

मॉस्को के एक कंसर्ट हॉल पर हुए हमले के बाद रूस में शोक का माहौल है. कई लोग इतने डरे हुए हैं कि मेट्रो में सफर करने से हिचक रहे हैं. पुतिन और सुरक्षा एजेंसियों के यूक्रेन पर लगाए गए आरोपों पर भी लोगों की राय बंटी हुई है.




मॉस्को की सड़कों पर दुख, सदमे और आक्रोश का सैलाब देखा जा रहा है. 22 मार्च की शाम हथियारबंद हमलावरों ने मॉस्को के क्रोकस कंसर्ट हॉल पर हमला किया, लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं और फिर इमारत में आग लगा दी. इस हमले में तीन बच्चों समेत कम-से-कम 137 लोग मारे गए. बीते दो दशकों के दौरान रूस पर हुए इस सबसे जानलेवा हमले के बाद 24 मार्च को राष्ट्रीय शोक मनाया गया. इस दौरान लोगों ने मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी याद में फूल रखे और चर्च में मोमबत्तियां जलाईं. मॉस्को में क्रेमलिन की इमारत के ऊपर रूस का राष्ट्रीय झंडा शोक में आधा झुका था. पेशे से वकील रुसलाना बरानोव्सकाया ने समाचार एजेंसी एएफपी से कहा, "मैं अब भी सदमे में हूं. इस त्रासदी ने दिमागी तौर पर मुझे रौंद दिया है."

पुतिन और रूसी सुरक्षा एजेंसी का दावा

आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है. उसने हमले में शामिल एक बंदूकधारी हमलावर का ग्रैफिक वीडियो भी जारी किया है. राष्ट्रपति पुतिन ने आईएस के दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन उन्होंने दावा किया कि गिरफ्तार किए गए चार संदिग्ध बंदूकधारी यूक्रेन भागने की कोशिश में थे. रूस की सुरक्षा एजेंसी एफएसबी ने आरोप लगाया है कि हमलावरों का सीमा पार से "संपर्क" था.

## पाकिस्तान की सैन्य अदालतों को नौ मई की हिंसा के मामले में सशर्त फैसला सुनाने की इजाजत मिली

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को सैन्य अदालतों को नौ मई के उन संदिग्धों के मामलों में फैसला सुनाने की सशर्त इजाजत दी जिन्हें आगामी ईद त्योहार से पहले रिहा किया जा सकता है। यह मामला पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पिछले साल नौ मई को देश में भड़की हिंसा के दौरान सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों में कथित संलिप्तता के लिए 103 नागरिकों के मुकदमे से संबंधित है।

न्यायालय की छह सदस्यीय पीठ ने 23 अक्टूबर, 2023 को हिंसा को लेकर नागरिकों के खिलाफ सैन्य अदालतों के मुकदमे को रद्द करने संबंधी अपने पूर्व के सर्वसम्मत फैसले के खिलाफ अपील पर सुनवाई की। पीठ में न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान, न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर, न्यायमूर्ति सैयद अजहर हसन रिजवी, न्यायमूर्ति शाहिद वहीद, न्यायमूर्ति मुसर्त हिलाली और न्यायमूर्ति इरफान सआदत खान शामिल रहे।

न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन, न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर, न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी, न्यायमूर्ति सैयद मजार अली अकबर नकवी और न्यायमूर्ति आयशा मलिक की पांच सदस्यीय पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया था कि सैन्य अदालतों में आरोपी नागरिकों पर मुकदमा चलाना देश के संविधान के खिलाफ है। पीठ ने यह भी कहा था कि आरोपी नागरिकों पर फौजदारी अदालतों में मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

अदालत ने पिछले साल 13 दिसंबर को अपील पर फैसला आने तक 5-1 के बहुमत से फैसले को निलंबित कर दिया। अपील तत्कालीन कार्यवाहक संघीय सरकार और बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांतों के साथ-साथ रक्षा मंत्रालय द्वारा दायर की गईं थीं।

अदालत ने 25 मार्च को पिछली सुनवाई के दौरान, अधिकारियों से हिंसक घटनाओं में कथित संलिप्तता के लिए नागरिकों के सैन्य मुकदमों के बारे में विवरण प्रदान करने को कहा था। अदालत ने सभी विवरण 28 मार्च तक प्रस्तुत किए जाने के साथ यह सूचित करने का आदेश दिया था कि कितने संदिग्धों को बरी किया जा सकता है।

अटॉर्नी जनरल ने अदालत को बताया कि लगभग 20 संदिग्धों को उनके मुकदमे और सेना प्रमुख द्वारा सजा में रियायत सहित अन्य औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद रिहा किया जा सकता है। हिंसा के मामले में खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सैकड़ों कार्यकताओं और नेताओं को गिरफ्तार किया गया था। सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों में कथित रूप से शामिल लोगों पर सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाया गया।

## नेपाल: प्रचण्ड की चेतावनी- जरूरत पड़ी तो फिर से राजनीतिक उथल पुथल करूंगा

**काठमांडू।** नेपाल में पुराने सत्ता गठबन्धन को तोड़कर नए गठबन्धन को बने अभी एक महीने भी नहीं हुए लेकिन प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की तरफ से दी गई चेतावनी ने राजनीतिक क्षेत्र में हलचल पैदा कर दी है।

प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने एक कार्यक्रम में कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वो फिर से राजनीतिक उथल पुथल करने की क्षमता रखते हैं। प्रचण्ड ने कहा कि यदि मुझे काम नहीं करने दिया गया या मेरे काम करने में अड़ंगा लगाया गया और राजनीतिक सौदेबाजी की गई तो मैं किसी भी समय राजनीतिक उथल पुथल कर सकता हूं। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता जनता को अच्छे कामों की डिलवरी देना है। इसको हर हाल में पूरा करूंगा। प्रचण्ड ने वर्तमान सत्तारूढ़ गठबन्धन में रहे दलों के नेताओं को लक्षित करते हुए कहा कि यदि उन्हें सहयोग नहीं मिला तो कभी भी राजनीतिक करवट लेने से वो पीछे नहीं हटेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली बार ना तो उनकी सरकार को संख्या को लेकर कोई खतरा था और ना ही उनका पद असुरक्षित था। इसके बावजूद उन्होंने कई चुनौतियों का सामना करते हुए रातों रात ही गठबन्धन बदल दिया था। प्रचण्ड ने कहा कि जनता को सरकार के अच्छे प्रयासों की अनुभूति हो सके, इसलिए पुराना गठबन्धन तोड़कर नया गठबन्धन बनाया था। इस बार भी यदि वही रवैया रहा तो वो फिर से उथल पुथल कर सकते हैं। गठबन्धन में परिवर्तन के साथ ही विश्वास मत हासिल करने के समय संसद में प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने रातों रात गठबन्धन करने को राजनीतिक उथल पुथल बताया था। उन्होंने कहा था कि यह तो अभी पहला उथल पुथल था। मैं जब तक जीवित रहूंगा, इस देश की राजनीति में उथल पुथल करता रहूंगा। प्रधानमंत्री प्रचण्ड की इस अभिव्यक्ति के कई मायने निकाले जा रहे हैं। विगत तीन दिनों में विपक्षी नेताओं से दो बार मुलाकात होने और वर्तमान सत्तारूढ़ गठबन्धन में प्रदेश सरकारों को लेकर कोई भी सहमति नहीं बन पाने को प्रचण्ड की नाराजगी का नतीजा भी बताया जा रहा है।

## सरकारी ऑनलाइन मंच जीईएम पर खरीदारी चार लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की अधिक खरीद गतिविधियों से सरकारी ऑनलाइन मंच जीईएम पर चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अभी तक की खरीदारी चार लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। जेईएम से प्राप्त सेवाओं में 205 फीसदी की वृद्धि है। इसमें 21 लाख विक्रेता और सेवा प्रदाता शामिल हुए हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अभी तक सरकारी मंच जीईएम के जरिए वस्तुओं तथा सेवाओं की खरीद चार लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# गाजा पट्टी में इजराइली हमले में अब तक 32,552 लोगों की मौत : मंत्रालय

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजराइली हमले में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 32,552 हो गई है। यह जानकारी हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक प्रेस बयान में दी।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने गुरुवार को बताया कि इजराइली सेना ने 24 घंटों के दौरान 62 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 91 को घायल कर दिया।

मंत्रालय के अनुसार, इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी में मरने वालों की कुल संख्या 32,552 और घायलों की 74,980 हो गई है।



पिछले साल सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में हमास के हमले के जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ आक्रमण शुरू किया है।

# भारत के रूसी तेल खरीदने पर यूक्रेन को नहीं है आपत्ति

भारत के दौरे पर आए यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा यूक्रेन और भारत के रिश्तों में बदलाव देख रहे हैं. उन्होंने कहा है कि पहले भारत रूस के साथ ज्यादा काम कर रहा था और यूक्रेन के साथ कम, लेकिन स्थिति अब बदल गई है.

कुलेबा भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के निमंत्रण पर दो दिनों की यात्रा पर भारत आए हुए हैं. गुरुवार को उन्होंने राजघाट पर भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी. आधिकारिक कार्यक्रम शुरू होने से पहले उन्होंने कई मीडिया संगठनों को साक्षात्कार भी दिए.




टाइम्स ऑफ इंडिया अखबार से बातचीत में कुलेबा ने कहा कि यूक्रेन युद्ध खिंचता जा रहा है और आकाश में रूस के वर्चस्व के बावजूद समुद्र में यूक्रेन रूस से आगे है. उन्होंने उम्मीद जताई कि जब यूक्रेन के पास पर्याप्त एयर डिफेंस सिस्टम और लड़ाकू विमान आ जाएंगे तब आकाश में भी उसका दबदबा होगा.

**यूक्रेन भारत-रूस सहयोग के खिलाफ नहीं**

कुलेबा ने इस बात पर संतुष्टि जताई कि अमेरिका और यूरोपीय देशों से अभी भी यूक्रेन को समर्थन और मदद मिल रहे हैं.

उन्होंने भारत के प्रति उम्मीद जताते हुए यह भी कहा कि हमें ऐसे कदम और क्षेत्र तलाशने हैं जिनमें भारत अपनी साख और शक्ति का इस्तेमाल कर दूसरे देशों का नेतृत्व कर पाएगा.

भारत के रूस से तेल खरीदने पर उन्होंने कहा कि भारत रूसी तेल खरीद तो रहा है लेकिन जिन रुपयों से वो यह तेल खरीद रहा है वो रूस की अर्थव्यवस्था तक पहुंच नहीं रहे हैं और यह अच्छी बात है. कुलेबा ने समझाया कि यूक्रेन भारत और रूस के बीच सहयोग के खिलाफ नहीं है, लेकिन यूक्रेन हर उस चीज के खिलाफ है जो रूस को वो पैसे कमाने में मदद करती है जिसे वो फिर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में लगाता है.

उन्होंने यह भी कहा कि पहले भारत रूस के साथ ज्यादा काम कर रहा था और यूक्रेन के साथ कम लेकिन यह स्थिति अब बदल गई है. इसका सबूत उस बातचीत में है जो दोनों देशों के नेताओं के बीच हुई है और उनकी भारत यात्रा भी इसी बात का सबूत है.

**क्या है भारत से उम्मीद**

एनडीटीवी को दिए एक अन्य साक्षात्कार में कुलेबा ने कहा कि "भारत दुनिया में एक बहुत महत्वपूर्ण खिलाड़ी है और यूक्रेन में न्यायोचित और स्थायी शांति की बहाली के लिए हमें उसकी जरूरत है."

भारत-रूस संबंधों पर उन्होंने कहा कि यह रिश्ता सोवियत संघ की विरासत पर आधारित है लेकिन उन्हें नहीं लगता है कि इस संबंध का कोई भविष्य है. इसमें उन्होंने यह भी जोड़ा कि उन्हें लगता है कि भारत-यूक्रेन संबंधों का ज्यादा उज्जवल भविष्य है.

जब उनसे एक स्पष्ट सवाल पूछा गया कि मौजूदा स्थिति में यूक्रेन भारत से क्या अपेक्षा रखता है तो उन्होंने कहा कि भारत ग्लोबल साउथ से और देशों को साथ लाने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है.

कुलेबा ने एनडीटीवी को बताया, "अगर भारत शांति वार्ता की मेज पर बैठता है, जो युद्ध के कूटनीतिक समाधान के लिए यूक्रेन द्वारा की गई एक पहल है, तो उसके बाद कई देश भारत के बगल में बैठने में काफी ज्यादा सुरक्षित और सहज महसूस करेंगे और आकर इस कोशिश से जुड़ेंगे."

# आईपीओ लाने की तैयारी में जुटा शापूरजी पल्लेनज समूह, दाखिल किए दस्तावेज

**मुंबई/नई दिल्ली** देश में इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में अब तक का सबसे बड़ा प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) आने वाला है। शापूरजी पल्लोनजी समूह की प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर फर्म, एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने 7 हजार करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए डीआरएचपी फाइल की है।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि शापूरजी पल्लोनजी समूह की प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग और कंस्ट्रक्शन कंपनी एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एआईएल) ने आईपीओ के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है।

कंपनी के शेयर की फेस वैल्यू 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर होगी। इस पब्लिक इश्यू में आईपीओ के साथ-साथ ओएफएस यानी ऑफर फॉर सेल को शामिल किया गया है। कंपनी के आईपीओ का साइज 7 हजार करोड़ रुपये का है, जो इंफ्रा सेक्टर में अबतक का सबसे बड़ा इश्यू साइज है। इस इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग के जरिए कंपनी 1250 करोड़ रुपये के फ्रेश इश्यू जारी करेगी। इसके अलावा इस इश्यू में 5750 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल भी शामिल होगा। इसमें गोस्वामी इंफ्राटेक की ओर से 5750 करोड़ रुपये के शेयर जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही योग्य कर्मचारियों के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था होगी।

उल्लेखनीय है कि एफकॉन्स पांच प्रमुख बुनियादी ढांचा व्यवसाय क्षेत्रों में कारोबार करता है। इसमें समुद्री और औद्योगिक, जिसमें बंदरगाह, बंदरगाह, सूखी गोदी, एलएनजी टैंक और सामग्री प्रबंधन प्रणाली जैसी परियोजनाएं हैं। वहीं, भूतल परिवहन, जिसमें राजमार्ग, इंटरचेंज, खनन अवसंरचना और रेलवे शामिल है। शहरी बुनियादी ढांचा, जिसमें मेट्रो कार्य, पुल, फ्लाईओवर और ऊंचे गलियारा क्षेत्र के लिए काम करती हैं। इसके अलावा पनबिजली और भूमिगत, जिसमें बांध, सुरंगें और पानी से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं।

## अफगानिस्तान में 24 घंटे में फिर भूकंप से कांपी धरती, तीव्रता 4.6 रही

**काबुल।** अफगानिस्तान में 24 घंटे में दूसरी बार भूकंप से धरती कांपी। आज (शुक्रवार) स्थानीय समयानुसार सुबह 5:11 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.6 दर्ज की गई। यह जानकारी नई दिल्ली में भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी। फिलहाल जनहानि के नुकसान की सूचना नहीं है।

भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने एक्स हैंडल पर अफगानिस्तान में आए ताजा भूकंप का ब्यौरा साझा किया है। इससे पहले कल (गुरुवार) सुबह स्थानीय समयानुसार 5:44 बजे रिक्टर पैमाने पर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया था। उल्लेखनीय है कि भूकंप के लिहाज अफगानिस्तान बेहद संवेदनशील है। अफगानिस्तान में पिछले साल अक्टूबर में आए तूफान से भारी तबाही हो चुकी है। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.3 मापी गई थी। इस भूकंप ने 2053 से ज्यादा लोगों को पलक झपकते ही मौत की नींद सुला दिया था।

## काठमांडू के मेयर की चीन को दो टूक, कहा- टेंडर लेकर काम अधूरा छोड़ना फितरत

**काठमांडू।** काठमांडू महानगरपालिका के मेयर बालेन शाह ने चीन की कार्यशैली को लेकर कड़ी आलोचना की है। उन्होंने ना सिर्फ नगरपालिका की तरफ से बाकायदा पत्र लिखा, बल्कि फेसबुक पर लम्बा स्टेटस लिख कर अपनी नाराजगी भी जताई।

काठमांडू के रिंगरोड निर्माण का टेंडर चीन की कंपनी संघाई कंस्ट्रक्शन ने लिया हुआ है। लगभग 10 वर्ष बीतने के बावजूद अभी तक रिंगरोड बनाने का काम पूरा नहीं हो पाया है। इस वजह से आम लोगों को यात्रा करने में काफी कठिनाई का सामना पड़ रहा है। इसी को लेकर मेयर बालेन शाह ने चीन पर तंज कसा है। नेपाल सरकार और काठमांडू महानगरपालिका की तरफ से बार-बार दबाव बनाया जा जा रहा है। समय पर काम पूरा करने का आग्रह करने के बाद भी चीनी दूतावास की तरफ से इस कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

अपने फेसबुक पेज पर एक स्टेटस लिखते हुए बालेन शाह ने कहा कि अपने देश में एक दिन में बड़े-बड़े भवन बनाने का दावा करने वाला चीन दस वर्ष में 20 किलोमीटर सड़क भी नहीं बना पाया तो इससे बड़ी विडम्बना क्या होगी। उन्होंने लिखा कि जब भी चीनी दूतावास को इस काम को पूरा करने के लिए कहा जाता है तो उनके यहां से लम्बा चौड़ा डिप्लोमैटिक नोट भेज दिया जाता है। बालेन ने कहा कि नोट भेजने और हमारा विरोध करने से चीनी दूतावास और वहां की कंपनी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। मेयर शाह ने कहा कि काठमांडू महानगरपालिका इतना सक्षम है कि वो अपने यहां का रिंगरोड बना सकता है।

## पाकिस्तान में चीन की एक और कंपनी ने कामकाज किया बंद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों के मारे जाने के दो दिन बाद चीन की एक कंपनी ने इसी अशांत प्रांत में एक अन्य जलविद्युत परियोजना में निर्माण कार्य रोक दिया और सैकड़ों श्रमिकों को काम से हटा दिया है। मीडिया में गरुवार को आई खबरों में यह जानकारी दी गई।

खैबर पख्तूनख्वा के बिशम इलाके में मंगलवार को विस्फोटक लदा एक वाहन एक बस से टकराया था जिसमें उसमें सवार दासू जलविद्युत परियोजना में काम करने वाले पांच चीनी नागरिकों सहित छह व्यक्तियों की मौत हो गई। किसी आतंकी संगठन ने आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

चीनी कंपनी पावर कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन ऑफ चीन (पीसीसीसी) ने शांगला जिले में आत्मघाती हमले में चीनी नागरिकों की मौत के बाद प्रांत के स्वाबी जिले में तारबेला जलविद्युत विस्तार परियोजना में निर्माण संबंधी कार्यों को निलंबित कर दिया है। यहां 2,000 से अधिक श्रमिकों को काम से हटा दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी के परियोजना प्रबंधक ने एक आदेश जारी कर कार्य स्थगित किए जाने की घोषणा की और कहा कि सुरक्षा कारणों के चलते अगले आदेश तक सभी कर्मचारियों और श्रमिकों को हटाया गया है।

## रूस के साथ युद्ध के बीच भारत के दौरे पर यूक्रेन के विदेश मंत्री

रूस-यूक्रेन युद्ध छिड़ने के बाद यूक्रेन के विदेश मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है. दो दिवसीय यात्रा के दौरान दिमित्रो कुलेबा भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग को बढ़ावा देंगे.

कुलेबा की यह यात्रा विदेश मंत्री एस जयशंकर के निमंत्रण पर हो रही है. कुलेबा, जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा उप-सलाहकार के साथ बैठक करेंगे और अन्य कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे. यात्रा के पहले दिन कुलेबा राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे.

कुलेबा की यह अहम यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ दिनों पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से टेलीफोन पर बात की थी.

**भारत चाहता है बातचीत से हल हो मुद्दा**

भारत ने अब तक रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले की निंदा नहीं की है, बल्कि उसने कहा है कि युद्ध को बातचीत और कूटनीति के जरिए खत्म किया जा सकता है. मोदी ने शांति प्रयासों में योगदान देने की इच्छा जाहिर की है.

20 मार्च को मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था कि जेलेंस्की को "शांति के लिए सभी प्रयासों और संघर्ष को जल्द समाप्त करने के लिए भारत का लगातार समर्थन है."

उन्होंने कहा था कि भारत यूक्रेन को मानवीय सहायता प्रदान करना जारी रखेगा. प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिनको पांचवीं बार चुनाव जीतने पर बधाई देने के लिए फोन किया था और उसके बाद जेलेंस्की से बात की थी.

**शांति के लिए भारत कर सकता है पहल**

भारतीय विदेश मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक उस फोन कॉल के दौरान दोनों नेता अपने संबंधों को और मजबूत करने पर सहमत हुए, जबकि मोदी ने दोहराया कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए बातचीत और शांति सबसे अच्छा तरीका है.

मोदी के नेतृत्व में भारत ने खुद को एक उभरते वैश्विक खिलाड़ी के रूप में प्रचारित किया है. उसने यह जताने की कोशिश की है कि यूक्रेन में युद्ध पर पश्चिम और रूस के बीच मध्यस्थता कर सकता है. पिछले हफ्ते मोदी के साथ अपने फोन कॉल में जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने भारत को उस शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जिसे स्विट्जरलैंड ने आयोजित करने की पेशकश की है.

जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट में कहा, "यूक्रेन भारत के साथ व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में रुचि रखता है. यूक्रेन भारत के साथ विशेष रूप से कृषि निर्यात, विमानन सहयोग, दवा उद्योग और औद्योगिक उत्पाद व्यापार में सहयोग कर सकता है."

संयुक्त राष्ट्र में नई दिल्ली ने मॉस्को के खिलाफ मतदान करने से परहेज किया है और यूक्रेन पर हमले के बाद रियायती दरों पर रूसी तेल की खरीद बढ़ा दी है.

इस बीच भारत ने अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसी पश्चिमी शक्तियों के साथ अपनी सहभागिता बढ़ा दी है. युद्ध के कारण सप्लाई में व्यवधान के कारण भारत हथियारों और तकनीक के लिए रूस पर अपनी निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहा है.